श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 248, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 04 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

वायु सेना में शामिल हुआ 'प्रचंड'

वायुसेना में शामिल हुआ स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर, पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर तैनात

जोधपुरः दुनिया का पहला स्वदेशी हल्का अटैक हेलीकॉप्टर सोमवार को औपचारिक रूप से वायुसेना के बेड़े में शामिल हो गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने खुद हेलीकॉप्टर में 15 मिनट उड़ान भरकर इसकी ताकत को परखा। वायुसेना की परंपरा के अनुसार 'वाटर कैनन सैल्यूट' देकर हेलीकॉप्टर का स्वागत किया गया। रक्षामंत्री ने सबसे पहले 'सर्वधर्म पूजा' की और इसके बाद एलसीएच के सामने खड़े होकर फोटो भी खिंचवाई। इस लड़ाकू हेलीकॉप्टर को 'प्रचंड' के नाम से जाना जाएगा।

एचएल से मिले 04 हेलीकॉप्टरः पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एलसीएच की पहली स्क्वाड्रन 'थनुष' राजस्थान के जोधपुर में आज से शुरू की गई है। एचएल से आज मिले चार हेलीकॉप्टर इस पहली स्क्वाड्रन में तैनात किए गए हैं। अब इसके बाद पाकिस्तान के साथ-साथ चीन सीमा की भी निगरानी करना ज्यादा आसान और सुरक्षित हो जाएगा। साथ ही आतंकियों और घुसपैठियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना को एचएएल से मिलने वाले अन्य लड़ाकू हेलीकॉप्टर इसी स्क्वाड्रन में शामिल किए जाएंगे। इस हेलीकॉप्टर को चीन की सीमा पर भी तैनात किए जाने की योजना है।

सबसे पहले एलसीएच की सर्वधर्म पूजाः स्वदेशी हल्का अटैक हेलीकॉप्टर वायुसेना के बेड़े में शामिल करने के कार्यक्रम की शुरूआत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नए एलसीएच की सर्वधर्म पूजा करके की। इसके बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन ने एलसीएच की चाबी के गुच्छा रक्षामंत्री को सौंपा। राजनाथ सिंह ने एयर चीफ वीआर चौधरी को इसे सौंपने के साथ ही स्वदेशी हल्के अटैक हेलीकॉप्टर वायुसेना के बेड़े में शामिल करने की औपचारिकता पूरी की। इस मौके पर परंपरा के अनुसार एलसीएच को 'वाटर कैनन सैल्यूट' दिया गया। रक्षामंत्री ने 143 यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर के साथ 15 मिनट उड़ान भरी और एलसीएच के सामने खड़े होकर फोटो भी खिंचवाई।

जोधपुर में एलसीएच की यह पहली स्क्वाड्रनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'राष्ट्रीय रक्षा समर्पण पर्व' के मौके पर पिछले साल 19 नवम्बर को भारतीय वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी को हल्के वजन वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टर का मॉडल सौंपा था। देश के सबसे बड़े और ताकतवर जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर स्वदेशी अटैकर हेलीकॉप्टर की तैनाती होने से पाकिस्तान से लगती पश्चिमी सीमा और ज्यादा मजबूत होगी। लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर की जोधपुर में तैनात एलसीएच एयरफोर्स वर्जन की यह पहली स्क्वाड्रन है। एलसीएच में प्रभावी लड़ाकू भूमिकाओं के लिए उन्नत तकनीकों और साइलेंट फीचर को शामिल किया गया है।

पाकिस्तान और चीन बॉर्डर पर होगी नजर

एयरफोर्स डे पर 8 अक्टूबर को 10 हेलीकॉप्टर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से वायुसेना को मिलेंगे। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दस एलसीएच इसी स्क्वाड्रन में शामिल किए जाएंगे। यह हेलीकॉप्टर पाकिस्तान के साथ-साथ चीन बॉर्डर पर भी नजर रखेंगे। हालांकि औपचारिक तौर पर आज वायुसेना में शामिल होने से पहले ही दो एलसीएच हेलीकॉप्टर पूर्वी लद्दाख से सटी एलएसी पर तैनात किए जा चुके हैं। इसे दुश्मन की वायु रक्षा, काउंटर विद्रोह, खोज और बचाव, टैंक विरोधी, काउंटर सर्फेस फोर्स ऑपरेशंस इत्यादि जैसी भूमिकाओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

भारतीय सेना पहले ही बेड़े में कर चुकी है शामिल

इससे पहले 29 सितम्बर को भारतीय सेना में स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया है। पहला एलसीएच औपचारिक रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने सेना उड्डयन कोर के महानिदेशक को सौंपा। सेना ने एलसीएच की पहली स्क्वाड्रन एक जून को बेंगलुरु में बनाई थी। इस स्क्वाड्रन को अगले साल और बढ़ाया जाएगा, ताकि एलएसी पर चीन की गतिविधियों पर नजर रखकर उसकी हरकतों पर विराम लगाया जा सके। सेना के मुताबिक वो अभी 95 एलसीएच और खरीदेगी। इनकी सात यूनिट्स बनाई जाएंगी जिनमें से सात पहाड़ी इलाकों पर होंगी, क्योंकि ये हेलीकॉप्टर सियाचिन की चोटी पर भी लैंड कर सकता है।

कारगिल युद्ध के दौरान महसूस हुई थी जरूरत

लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव हेलीकॉप्टर का विकसित रूप है। पहली बार 199 कारगिल युद्ध के दौरान इस तरह के अटैकर हेलीकॉप्टर की कमी महसूस हुई थी। लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर की रफ्तार अधिकतम 268 किलोमीटर प्रति घंटा है और इसकी रेंज 550 किलोमीटर है। यह हेलीकॉप्टर लगातार 3 घंटे 10 मिनट की उड़ान भर सकता है। अधिकतम 6500 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 20 एमएम की गन होती है, जो हवा से हवा में और हवा से जमीन पर हमला कर सकती है। इसके अलावा इसमें चार हार्ड प्वाइंट्स होते हैं यानी रॉकेट्स, मिसाइल और बम एक साथ लगाए जा सकते हैं।

हेलीकॉप्टर में लगा है रडार एंड लेजर वॉर्निंग सिस्टम

इस हेलीकॉप्टर ने ट्रायल्स के दौरान सियाचिन, रेगिस्तान, जंगल या फिर 13-15 हजार फीट ऊंचे हिमालय के पहाड़ों पर उड़ान भरने की क्षमता को प्रदर्शित किया था। इस हेलीकॉप्टर में लगे अत्याधुनिक एवियोनिक्स सिस्टम से दुश्मन न तो छिप सकता है, न ही इस पर हमला कर सकता है, क्योंकि ये सिस्टम इस हेलीकॉप्टर को मिसाइल का टारगेट बनते ही सूचना दे देते हैं। इसके अलावा इसमें रडार एंड लेजर वॉर्निंग सिस्टम लगा है। साथ ही शैफ और फ्लेयर डिस्पेंसर भी हैं, ताकि दुश्मन के मिसाइल और रॉकेटों को हवा में ध्वस्त किया जा सके।

मुलायम सिंह 24 घंटे से सीसीयू में एडमिट

केंद्रीय मंत्री बघेल मेदांता पहुंचे; धर्मेंद्र बोले- दुआ कीजिए

लखनऊः यूपी के पूर्व सीएम और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की तबीयत स्थिर बनी हुई है। सोमवार दोपहर को मेदांता अस्पताल ने पहला हेल्थ बुलेटिन जारी किया। इसमें सिर्फ इतना बताया गया है कि वह सीसीयू यानी क्रिटिकल केयर यूनिट में एडमिट हैं। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम उनका ट्रीटमेंट कर रही है। उनकी बीमारी, ब्लड प्रेशर या ऑक्सीजन लेवल से जुड़ी हुई कोई जानकारी नहीं दी गई है। मुलायम सिंह के स्वास्थ्य का हाल जानने मेदांता आए कार्यकर्ताओं से धर्मेंद्र यादव मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि नेताजी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, दुआओं की जरूरत है। रविवार शाम को मुलायम सिंह की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें सीसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया। अखिलेश यादव और राम गोपाल यादव के अलावा परिवार के सभी लोग मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे। वहां उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत की। सोमवार को भी शिवपाल यादव अस्पताल पहुंचे। इधर, लखनऊ में मुलायम सिंह और अखिलेश के आवास पर सन्नाटा है।

'बेरोजगारी खत्म करने के लिए सरकार प्रयास करें'

नई दिल्लीः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) के सर-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक कार्यक्रम में देश में बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी और आय में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी खत्म करने के लिए सरकार को जल्द से जल्द प्रयास करने चाहिए। हालांकि, होसबाले ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं। होसबाले ने कहा कि भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास देश की आय का पांचवां (20%) हिस्सा है। साथ ही देश की 50% आबादी के पास देश की आय का केवल 13 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, बाकी 50% लोगों के पास 87% इनकम है, जो सही नहीं है।

20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचेः होसबाले ने संघ से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कहा- हमें इस बात का दुख होना चाहिए कि 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और 23 करोड़ लोग प्रतिदिन 375 रुपए से भी कम कमा रहे हैं। गरीबी हमारे सामने राक्षस जैसी चुनौती है। यह महत्वपूर्ण है कि इस दानव को खत्म किया जाए।

बेरोजगारी दर घटाने पर काम होः संघ नेता ने कहा कि गरीबी के अलावा असमानता और बेरोजगारी, दो चुनौतियां हैं जिनसे निपटने की आवश्यकता है। देश में 4 करोड़ बेरोजगार हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 2.2 करोड़ और शहरी क्षेत्रों में 1.8 करोड़ बेरोजगार हैं। श्रम बल सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत बताई गई है। हमें रोजगार पैदा करने के लिए न केवल सेंट्रल लेवल पर बल्कि लोकल लेवल पर भी स्कीम बनाने की आवश्यकता है।

कार्यकारी प्रधान होते हैं सर-कार्यवाहः 2020 में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में दत्तात्रेय होसबाले को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) का सर-कार्यवाह चुना गया था। सर-कार्यवाह का पद संघ प्रमुख मोहन भागवत के बाद संगठन में नंबर दो का है। फर्र में संघ प्रमुख की भूमिका मुख्य तौर पर मार्गदर्शक की होती है। संगठन का सारा कामकाज सर-कार्यवाह ही देखते हैं।

'अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति कोई अधिकार नहीं बल्कि रियायत'

नई दिल्लीः अनुकंपा के आधार पर नौकरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। एक मामले में सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति कोई अधिकार नहीं बल्कि रियायत है और ऐसी नियुक्ति का उद्देश्य प्रभावित परिवार को अचानक आए संकट से उबारने में मदद करना है। सर्वोच्च अदालत ने इस संबंध में पिछले हफ्ते केरल उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के फैसले को रद्द कर दिया। खंडपीठ के फैसले में एकल न्यायाधीश के उस फैसले की पुष्टि की गई थी जिसमें फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड और अन्य को अनुकंपा के आधार पर एक महिला की नियुक्ति के मामले पर विचार करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति एमआर. शाह और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने आदेश में कहा कि महिला के पिता फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड में कार्यरत थे और ड्यूटी के दौरान ही उनकी अप्रैल 1995 में मृत्यु हो गई थी। पीठ ने कहा कि उनकी मृत्यु के समय उनकी पत्नी नौकरी कर रही थीं, इसलिए याचिकाकर्ता अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की पात्र नहीं हैं।

3 दिन में 136 केस; आप सरकार के दावे निकले खोखले

पराली जलाने में पंजाब टॉप पर

चंडीगढ़ः मानसून सीजन खत्म होते ही पंजाब के किसानों ने धान की फसल उठाने के बाद पराली को आग लगाना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि पराली जलाने के मामले में शुरूआत में ही पंजाब अव्वल आ गया है, जबकि दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश और तीसरे पर हरियाणा है। रविवार तक 3 दिन में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने के 193 मामले सामने आए। इनमें पंजाब 17 दिन में 275 मामलों के साथ पहले नंबर पर है।

पंजाब के किस जिले में कितने मामले हुए दर्जः पंजाब में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पराली जलाने के कुल 275 मामले दर्ज हुए हैं। धान की फसल की कटाई सबसे पहले अमृतसर और तरतारन में शुरू होती है। साल 2020 और 21 की तरह साल 2022 में भी 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अमृतसर में पराली जलाने के सबसे अधिक 230 मामले दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर तरनतारन में 27, तीसरे नंबर पर पटियाला 4, चौथे नंबर पर फिरोजपुर-गुरदासपुर में 3-3, जालंधर व कपूरथला में 2-2 और फतेहगढ़ साहिब, मुक्तसर, एसएएस नगर व एसबीएस नगर में 1-1 मामला दर्ज किया गया है। यह डाटा कंसोटियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रोइकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फ्रॉम स्पेस लैबोरेटरी द्वारा तैयार किया गया है।

आप सरकार के प्रयास विफलः कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए हैप्पी सीडर मशीनों पर सब्सिडी के आवेदनों की समय सीमा बढ़ाई। उन्होंने मिट्टी में पराली को अवशोषित करने के लिए, कृषि विभाग के पायलट प्रोजेक्ट के तहत 5 हजार एकड़ में डी-कंपोजर घोल का छिड़काव करने की बात कही।

तिकुनिया हिंसाः किसानों ने मनाई बरसी

लखीमपुर खीरीः संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में कस्बा स्थित कौड़ियाला गुरुद्वारा में बरसी मनाई गई। इस दौरान मारे गए किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस ने भी साधा निशानाः लखीमपुर खीरी हिंसा की पहली बरसी पर कांग्रेस ने सोमवार को अजय मिश्र 'टेनी' को मंत्री बनाए रखने को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इससे ज्यादा अपमानजनक कुछ नहीं हो सकता कि काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों को जानबूझकर निशाना बनाया गया, जबकि अपराधी केंद्रीय मंत्रि परिषद का सदस्य बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बात के स्पष्ट सबूत हैं कि मंत्री का बेटा हत्या में शामिल था। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी की मांग करते हुए सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और पीएम को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

खबर संक्षेप

जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल परिवार को महान क्षति

करछना। जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की आधारशिला मैनेजर श्री अवधेश प्रसाद पांडे जी का निधन 1 अक्टूबर को हो गया। इनका अंतिम संस्कार हिंदू सभ्यता के अनुसार इनके निवास स्थान गुजरात से किया गया। साथ ही जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में सोमवार को इनके सम्मान में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हमारी पूजनीय मैनेजर स्वर्गीय अवधेश प्रसाद पांडे जी को श्रद्धांजलि दी गई। इस शोक सभा में डॉ. के. के शुक्ला, प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा, समस्त शिक्षक गण एवं जीवन ज्योति परिवार के सदस्य उपस्थित हुए तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

अंदावा तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे आईजी डीएम व एसएसपी

प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित किया गया है अंदावा तालाब, देखी तैयारी मातहतों को दिया निर्देश

अंदावा तालाब के निरीक्षण को पहुंचे आईजी डीएम एवं एसएसपी

अंदावा तालाब जहां होना है प्रतिमा विसर्जन

अखंड भारत संदेश

हनुमानगंज। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित अंदावा तालाब का निरीक्षण करने सोमवार को आईजी राकेश सिंह के साथ जिलाधिलारी संजय खत्री व एसएसपी शैलेश पण्डे पहुचे। तालाब पर निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने चल रही तैयारी का जायजा लेते हुए मातहतों को जरुरी दिशा निर्देश दिया।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से पहले सोमवार को चल रही तैयारी का जायजा लेने डीएम संजय खत्री के साथ एसएसपी शैलेश पांडे अंदावा तलाब पर पहुचे तभी आईजी राकेश सिंह भी वहा पहुच गए। इस दौरान अधिकारियो ने विसर्जन के लिए सिंचाई विभाग द्वारा बनाए जा रहे रैम की जांच के साथ जल पुलिस के अधिकारियो चर्चा की। मूर्ति लेकर आने जाने का मार्ग व बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था के साथ बिजली, पानी व शौचालय के साथ सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त बनाये रखने का उपस्थित मातहतों को निर्देश दिया साथ ही आग बुझाने के भी प्रबन्ध करने की बात कही। डीएम संजय खत्री ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी में लापरवाही व ढिलाई बरतने वाले अफसरों पर कार्यवाही की भी बात कही। इस दौरान सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, विधुत विभाग के साथ जल पुलिस के जवान व झूंसी, सरायइनायत थाने की फोर्स मौजूद रही।

अज्ञात कारणों से एक शख्स ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

करछना। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसरिया गांव में एक शख्स घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी उमा शंकर प्रजापति 45 वर्ष पुत्र स्व0 ठाकुर दीन सोमवार सुबह सो कर उठने के बाद घूमने के लिए गया था। जहां से लौटने के बाद घर के अंदर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घंटो बाद घर के कुछ बच्चें चाय पीने के लिए बुलाने गए तो देखा कि वह फंदे से झूल रहा था। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने सीखते चिल्लाते आनन-फानन में उसे नीचे उतारा जहां उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना होने पर करछना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच में जुट गई।

न्यूज झरोखा

आरपीएफ एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान द्वारा सीपीआर देने की मिली ट्रैनिंग

प्रयागराज। प्रिम रोज शिक्षा संस्थान एवं रेलवे सुरक्षा बल थाना प्रयागराज द्वारा संयुक्त तत्वावधान में सी.पी.आर देने की ट्रैनिंग दिया गया प्रयागराज जंक्शन प्लेटफार्म नंबर 1 पर इस कार्यक्रम को नाटकीय तरीके से आर.पी.एफ एवं प्रिम रोज ने जंक्शन पर मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूक किया गया आम लोगो के बीच जो यात्रा करने के लिए जा रहे थे।ऐसी स्थिति बनाया गया जैसे किसी यात्री को हृदया घात हुवा हो और उसे सीपीआर देके जान बचा लिया गया हो। रेलवे सुरक्षा बल थाना प्रयागराज के इंस्पेक्टर श्री शिव कुमार सिंह द्वारा लोगो को बताया गया की ये एक मॉक ड्रिल था जिससे यात्रा करते समय आप लोगो को किसी भी आपातकाल स्तिथि में खुद की या दूसरे की मदद स्वंय कैसे किया जा सके। वही दूसरी ओर प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के प्रबंधक श्री फरहान आलम के द्वारा बताया गया की सीपीआर का इस्तमाल आपातकालीन स्थिति में कैसे किया जाता है, जब किसी व्यक्ति की धड़कन अथवा साँस रुक जाती है तो इस परिस्थिति में इसका इस्तेमाल किया जाता है। इसमें किसी भी मरीज को बेहोश होने पर सांस दी जाती है जिससे की उसके फेफड़ो की पर्याप्त ऑक्सीजन मिल सके और साथ ही मरीज की सांस वापिस आने तक उसके दिल की धड़कन सामान्य स्थिति में आने तक उसकी छाती को दबाया जाता है, ताकि उसके शरीर में ऑक्सीजन वाले रक्त का सही तरीके से संचारण हो सके। कार्यक्रम में सोनी मैक्स स्टूडियो के यासिर, आरपीएफ के शिव कुमार यादव एवं प्रिम रोज के हुसैन अंसारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मुख्य रूप से नीतीश शुक्ला, अरुण मालिक, नवीन प्रजापति,अमन कुमार, विध्या सिंह एवं आर पी एफ की समस्त टीम उपस्थित रही।

महात्मा गांधी व शास्त्री जी की मनाई गई जयंती

सिरसा। मेजा क्षेत्र में गांधी व शास्त्री जी की जयंती क्षेत्र में जगहों-जगहों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री तथा अमर शहीदों की मूर्तियों व चित्रों पर अनावरण माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। सभी सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा कार्यालय,श्री राम प्रताप इंटरमीडिएट कॉलेज लाला राम लाल अग्रवाल इंटरमीडिएट कॉलेज, लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज पुलिस चौकी सिरसा, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय एसडी पब्लिक स्कूल रामनगर,एम एल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज खानपुर चौकी बनहा, श्री श्रीनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज खानपुर, श्रीधर पीजी कॉलेज गोशौर कला मेजा रोड, के एस चौधरी कन्या इंटर कॉलेज सेंट पीटर्स कॉलेज सिरसा, चौधरी माता प्रसाद जूनियर हाई स्कूल सिरसा, मनोमय प्लेवे स्कूल हनुमान पर सिरसा, आर ए मॉडर्न पब्लिक स्कूल लोहारी सरस्वती ज्ञान मंदिर सिरसा आर्य फाउंडेशन, पंचायत भवन ग्राम सभा बरी में आदि विभिन्न स्थानों पर जयंती मनाई गई।

एकता-अखंडता की पहचान है हिंदीः मूलचंद्र गुप्ता

अखंड भारत संदेश

प्रयास शिक्षण संस्थान ने आयोजित की प्रतियोगिता

शंकरगढ़। प्रयास शिक्षण संस्थान में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि रोहित केसरवानी ने पुरस्कार वितरण करते हुए बच्चों को आगे बढ़ने के लिए शुभ कामना सहित उपहार भेंट किए। व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। वही हमको आगे बढ़ा सकती है। हमारी एकता और अखंडता को कायम रख सकती है। सुरेश भाई ओम शांति ने अपना गीत -भारत फिर भरपूर बनेगा कोई नहीं कमी होगी, प्रस्तुत किया। दीपक नीर ने प्रतिभागियों और विद्यार्थियों को संदेश दिया कि समाज में फैल रही बुराइयों को दूर करने के लिए हमें हिंदी को बढ़ावा देना होगा। हमें पश्चिमी सभ्यता से दूर रहने के लिए अपनी भारतीय संस्कृति को अपना करना होगा। कविवर रवींद्र साहिल ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के निर्देशक और शिक्षण संस्थान के संचालक रमेश चंद्र केसरवानी ने कहा कि महात्मा गांधी हमेशा हिंदी को बढ़ावा देते उन्होंने ये बहुत बड़ा काम किया, किन्तु उनके समय में हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मूलचंद गुप्ता डॉक्टर प्रेमचंद केशरवानी, सुरेश भाई ओम शांति, रोहित केसरवानी, दीपक नीर राहुल केसरवानी, सुयेश दत्त त्रिपाठी, इमरान अहमद सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। अंकुश पहले, जेसिका दूसरे स्थान पर हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान अंकुश, दूसरा स्थान जेसिका मिश्रा और तीसरा स्थान रुचि मिश्रा ने प्राप्त किया। चतुर्थ स्थान खुशी त्रिपाठी का, पंचम स्थान अभिषेक सिंह, षष्टम स्थान सुहानी त्रिपाठी, सप्तम स्थान आयुषी केसरवानी, अष्टम स्थान पर संयुक्त रूप से प्रिया केसरवानी और शिव शंकर द्विवेदी, नवम स्थान पर शिवम प्रजापति और पल्लवी सिंह, दशम पर राहुल सिंह और अंजलीश सिंह रहे। आरकेआईसी टाप टेन में शामिल इसके अलावा अनन्या लूथरा, मानवी केसरवानी, आकांक्षा राठौर, राज तिवारी, नवीन त्रिपाठी, संध्या, शुभी गुप्ता, अनुराग, अमर त्रिपाठी, स्नेहा केशरवानी, सिद्धार्थ कृष्णानी और नमन चौधरी ने विशिष्ट स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज प्रथम 10 स्थान पर रहा और विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कैंब्रिज हाई स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर शंकरगढ़, न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल और महर्षि दयानंद शिक्षा निकेतन, डीएवी सरदार पटेल इंटर कॉलेज और एल आर एस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी रहे।

जिला पंचायत सभागार में 5 अक्टूबर को होगा विशाल क्षत्रिय सम्मेलन

रत्योरा। विजय दशमी दशहरा के पावन पर्व पर दोपहर 1 बजे से विशाल क्षत्रिय सम्मेलन एवं शस्त्र पूजन समारोह जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जय भवानी सेवा संघ कोरांव के प्रेम शंकर सिंह एडवोकेट ने अवगत कराया कि दिनांक 5 अक्टूबर दिन बुधवार को समय दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में क्षत्रिय समाज द्वारा धूमधाम के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम तथा विशाल क्षत्रिय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ वीके सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत प्रयागराज, विशिष्ट अतिथि डॉ देवराज सिंह, पूर्व न्यायाधीश एपी सिंह, पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह गौर, पूर्व आईजी के पी सिंह, पूर्व आयुक्त केके सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह, अमरेंद्र नाथ सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, विष्णु शरण सिंह एडवोकेट, हरि बहादुर सिंह कल्याणी आश्रम, अखिलेश सिंह उप नगर अध्यक्ष सहित क्षत्रिय संगठनों के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में जय भवानी सेवा संघ कोरांव के नागेंद्र प्रताप सिंह पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख जीत बहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, पुष्पराज सिंह ने कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की है। उक्त जानकारी जय भवानी सेवा संघ कोरांव के मीडिया प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

शंकरगढ़ में बनाया जाए 100 बेड का आधुनिक अस्पताल

सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मंडलायुक्त को पत्र लिख बताई जरूरत

शंकरगढ़। चित्रकूट मार्ग पर स्थिति शिवराजपुर शंकरगढ़ में 100 बेड के अस्पताल व ट्रामा सेंटर की स्थापना की मांग सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने उठाई है। उन्होंने मंडलायुक्त को भेजे गए पत्र में बताया कि आधुनिक तकनीक का अस्पताल न होने से शंकरगढ़ की सीमा पर स्थित चित्रकूट एवं मध्यप्रदेश के रीवा जिले के नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इमरजेंसी में चित्रकूट, बांदा और रीवा बार्डर के मरीजों को प्रयागराज के लिए रेफर करना पड़ता है। यहां पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल के बनने से लाखों लोगों को फायदा होगा। भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी बताया कि शंकरगढ़ क्षेत्र में पावर प्लांट, अल्ट्राटेक सीमेंट कारखाना, नगर पंचायत, ब्लॉक, रेलवे स्टेशन आदि का प्रतिष्ठान है। यह सिलिका सैंड और गिट्टी सप्लाई का बहुत बड़ा केंद्र है, साथ ही मंगलीर मिनरल्स, महाकौशल ग्रुप, सांघी सीमेंट जैसे उद्योग खुल रहे हैं। कई उद्योग आ रहे हैं। इसलिए यह प्रयागराज-चित्रकूट का सबसे व्यस्तम मार्ग है। माघ, कुंभ तथा महाकुंभ मेले में करोड़ों लोगों का आवागमन होता है। आए दिन दुर्घटनाओं के कारण समय पर इलाज न मिलने से काल के गाल में समा जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात जसरा में आए दिन रेलवे फाटक बंद होने पर लगभग एक से दो घंटे का जाम नासूर बन चुका है। जिस कारण एंबुलेंस में ही गंभीर मरीजों का निधन हो जाता है। पूर्व जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की शिवराजपुर और शंकरगढ़ में सरकारी जमीनें उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आगामी 2025 महाकुंभ मेला दिव्यता व भव्यता से संपादित कराने का संकल्प लिया है। जिसमें कहा गया कि 80 किमी की परिधि में बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए 100 शैय्या अस्पताल का निर्माण प्रमुख मार्ग में कराया जाएगा। यहां पर 100 बेड का अस्पताल व ट्रामा सेंटर बनने से लाखों लोगों का इलाज समय से मिलने पर कई जिंदगी बचाई जा सकेगी। जिसका चित्रकूट, मध्यप्रदेश के रीवा जिले वासियों के लिए बड़ी सौगात होगी। कई वर्षों से स्थानीय नागरिक सौ बेड अस्पताल बनाने की मांग करे हैं। जनता की मांग पर सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने मंडलायुक्त को पत्र लिखा है।

महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता : ममता शर्मा

जसरा। महात्मा गांधी जी का जीवन सदैव सत्य, अहिंसा एवम सदमार्ग की राह सम्पूर्ण जनमानस के लिए प्रेरणा का काम करता है। बड़े से बड़े आंदोलन रक्त की बूँद गिराये उन्होंने अहिंसा के बल पर कर दिखाया जो स्वयं में अद्वितीय हैं। देश को आजादी प्रदान करने की दिशा में पूज्य बापू जी के योगदानों को राष्ट्र आजीवन उन्हें याद करता रहेगा। उक्त बातें जीजीआईसी जसरा की प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने रविवार को महात्मा गांधी जी 153वीं एवम देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती पर छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बोल रहीं थीं। इस अवसर पर विद्यालय महात्मा गांधी एवम लालबहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर पुष्पाजलि के साथ याद किया गया। विद्यालय की छात्राओं को सदमार्ग, अहिंसा, सादगी को जीवन में धारण करने के लिए उसके महत्व को बताते हुए झूठ,नशा, नकल इत्यादि अवगुणों से दूर रहने की शपथ भी दिलवायी गयी।फौजिया नसरीन,गीतांजलि,रेखारानी,रीना यादव, शगुफ्ता जमाल, गीता पाण्डेय, कीर्ति अवस्थी, नीता त्रिपाठी, नीलम गुप्ता, सुनीता मालवीया आदि शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

लिंग थापि बिधिवत करि पूजा, शिव समान प्रिय मोहि न दूजा

जंघई। श्री राम जानकी मंदिर जंघई प्रांगण में चल रही रामलीला में रामेश्वर स्थापना, रावण-बालि संवाद का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। रामेश्वर स्थापना होते ही हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वहीं रावण और बालि के बीच हुए संवाद ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों ने रामेश्वर स्थापना मंचन के क्रम में समुद्र पार करने से पूर्व भगवान श्रीराम भोले भंडारी की पूजा करने के लिए शिवलिंग की स्थापना करते हैं। रामेश्वर की स्थापना होते ही पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। प्रभु राम अंगद को दूत बनाकर रावण की सभा में भेजते हैं जहां अंगद और रावण के बीच वाकयुद्ध होता है इसके बाद अंगद अपने पैर को जमाकर खड़े हो जाते हैं। सारे राक्षस उनके पांव को हिला भी नहीं पाते हैं तब रावण स्वयं पैर उठाने के लिए चलता है। जैसे ही वह पैर उठाने के लिए झुकता है अंगद अपना पैर हटा लेते हैं और रावण को राम के पैरों में गिरने की सलाह देते हैं। कलाकारों ने खर दूषण वध और सूपर्णखा के नाक, कान कटने और उसका रावण के पास जाना, सीता हरण का मंचन किया गया। इसके बाद राम की सुग्रीव की मित्रता, बालि वध का मंचन हुआ। रामलीला में सोने के मृग के चक्कर में राम कुटी से दूर जाते हैं मृग बने मारीच के आवाज लगाने के बाद सीता लक्ष्मण को भी उनके पास भेज देती हैं। लक्ष्मण के जाने के बाद रावण साधु वेष में सीता का अपहरण कर लेता है राम और लक्ष्मण विकल होकर सीता को खोजते हैं।

तापस बेष बिसेषि उदासी। चौदह बरिस रामु बनबासी।।

जंघई। रामलीला समिति वारी की रामलीला मे रामवनगमन का मंचन हुआ इसके पूर्व जहाँ एक तरफ पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी तो दूसरी तरफ मंथरा ने माता कैकेयी के पास जाकर राजा दशरथ द्वारा दिये गये दोनो वचनों को याद कराते हुए राम को चौदह वर्ष के बनवास एवं भरत को राजगद्दी मांग देने के लिए प्रेरित करती है।जिसके बाद कैकेयी राजा दशरथ से संवाद करते हुए दोनों वर माँगती है दशरथ कहते है हे कैकेयी तुमने तो हमारे शरीर के प्राण माँग कर हमे निर्जीव कर दिया राजा दशरथ अपने दोनों वचनों को पूरा करते है राम पिता के वचनों को सहर्ष स्वीकार करते हुए वन को चल देते है।राम सीता लक्ष्मण के वन जाते ही महाराज दशरथ पुत्र वियोग मे प्राण त्याग देते है रामलीला वनगमन, केवट संवाद, सीता हरण बालि बध तक मंचन हुई।इस अवसर पर मधूसुदन पांडेय, दीनानाथ पांडेय, शंभूनाथ पांडेय, रमेश सिंह, बबलू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रमोद सिंह, युवराज सिंह, धर्मराज सिंह संदीप सिंह, राजू सिंह, राजा मोर्या, दीपक सिंह वारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

महागौरी स्वरूप का भक्तों ने किया दर्शन

जारी। दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरुप की भक्तों ने विधि-विधान पूर्वक आराधना की जारी में बड़े हनुमान जी के मंदिर में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करके बड़े विधि विधान पूर्वक पूजा-पाठ किया जा रहा है और अष्टमी के दिन माता का भव्य श्रृंगार पूजन किया गया। देर रात्रि तक भक्तों का चहल-पहल बना रहा । आचार्य मुकेश शुक्ला ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव को पाने के लिए कई वर्षों तक मां पार्वती ने कठोर तप किया था, जिससे उनके शरीर का रंग काला हो गया था। जब भगवान शिव उनकी तपस्या से प्रसन्न हुए तो उन्होंने उनको गौर वर्ण का वरदान भी दिया। इससे मां पार्वती महागौरी भी कहलाईं। सब पाप भी नष्ट हो जाते हैं। दुर्गा अष्टमी के दिन कई स्थानों पर कन्या पूजन और हवन भी किया गया। मंदिर परिसर में मौजूद शोभा गुप्ता ग्राम प्रधान गढ़ैयाखुर्द जारी,अनुराधा गुप्ता, गुलाब देवी, माया देवी मीरा देवी, किरन देवी ,मीरा देवी, शैल कुमारी शैलेंद्र कुमार गुप्ता, तिवारी जी नीरज श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, शरद गुप्ता, शोभित अग्रहरि, जितेंद्र वर्मा ,अशोक अग्रहरि दि भक्तगण मंदिर परिसर पर मौजूद रहे।

महागौरी की आराधना में जुटे भक्त

करछना। नवरात्रि महापर्व की आठवें दिन पूजा पंडालों में महागौरी की आराधना के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी। करछना क्षेत्र के महेवा ,पुरा कुंजल बैस में स्थापित देवी पूजा पंण्डाल में भक्तों ने रात्रि जागरण करते हुए सुंदरकांण्ड पाठ और मंगल गीतों के साथ देवी की आराधना की। बड़ी देर भई मैया दरस गई दा,और जग जननी जगदंम्बा भवानी दरस दइदा से महारानी..जैसे देवी गीतों पर झूमते भक्तगणों ने मां के जयकारे लगाते हुए पूजा पण्डाल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। भजन गायक छोटू सिंह,अर्जुन शुक्ला अरविंद शुक्ला की प्रस्तुतियों को ग्रामीण श्रोता जनों ने खूब सराहा। सायंकाल आरती के उपरांत प्रसाद वितरण और फिर शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वामी विमलेश्वर महाराज,राममणि शुक्ला, योगेश सिंह,प्रीतू शुक्ला,आनंद शुक्ला विनोद शुक्ला,अखिलेश,शुभम शुक्ला,राजकमल शुक्ला, अशोक सिंह आदि रहे।

सर्पोसबीर में हुआ भव्य देवी जागरण

प्रतापपुर। जय बजरंग दुर्गा पूजा समिति सर्पोसबीर में मां भगवती के सप्तम दिवस में मां कालरात्रि स्वरूप का पूजन, भव्य श्रृंगार, दिव्य आरती और देवी जागरण का भव्य कार्यक्रम हुआ।यह दुर्गा पूजा समिति विगत आठ वर्षों से ऐसे ही प्रतिदिन भक्तिमय रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करता रहता है।इस दुर्गा पूजा समिति के कार्यक्रम एवं व्यवस्था आदि की चर्चा पूरे क्षेत्र में रहती है।इस अवसर पर विहिप प्रखंड प्रतापपुर के सत्संग प्रमुख एवं स्वावलंबी भारत अभियान के समन्वयक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक, मां भगवती वैदिक शिक्षण शोध जनसेवा संस्थान के मंत्री अभिनव द्विवेदी, मां मनकामेश्वरी मंदिर खखैचा के प्रमुख विनय दुबे, ग्राम प्रधान सर्पोसबीर एवं समिति के अध्यक्ष प्रभात सोनी, अवधेश सोनी, राहुल पाल आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

देवी देवताओं का किया गया पूजा अर्चना

सिरसा। यमुनापार मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्रामसभा बरी में नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी व देवताओं का पूजा बड़े धूमधाम से किया गया। पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामवासियों ने देवी व देवताओं के दर्शन पाने के लिए एक जुलूस के रूप में इकट्ठा हुए थे। भक्तों ने दर्शन करके अपने परिवार की खुशहाली की कामना किया। पूजा हवन के बाद महाआरती भोग लगाकर प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया और जय जय करो का नारा लगते रहे। ठोल एवं बाजे के साथ सभी ग्रामवासियों और माता रानी के सेवक रज्जन मिश्र मंत्रोच्चार करते हुए धूप, दिप, कपूर,अगरबत्ती, माला-फूल, मीठा,फल,हलुवा-पूड़ी आदि देवी देवताओं को अर्पण करते हुए सभी को खुशहाल होने की प्रार्थना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भक्तगण अरविन्द कुमार (बच्चा पांडेय), संजय पांडेय (पूर्व प्रधान), अम्बुज मिश्र, जयशंकर (बबलू यादव) क्षेत्र पंचायत सदस्य बरी व गोशौरा, दयाशंकर विश्वकर्मा, अरुण कुमार मिश्र और महिलाओं भी एक दिवसी कार्यक्रम में उपस्थित रही।

दुर्गाष्टमी : चारों ओर गूंजता रहा माता के जयकारे

करछना। दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की भक्तों ने विधि विधान पूर्वक आराधना की पूजा पंडाल में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करके बड़े विधि विधान पूर्वक पूजा-पाठ किया माता का भव्य श्रृंगार पूजन किया गया देर रात्रि तक भक्तों का चहल-पहल बना रहा। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि श्री नव दुर्गा पूजा कमेटी अकोढ़ा बाजार करछना मे लगातार अट्ठाइस वर्षों से बड़ी भव्यता के साथ सप्तमी और अष्टमी का भव्य कार्यक्रम हो रहा है। झांकियों का मंचन भी किया गया। जिसमें शिव तांडव का मंचन दिखाया गया। पुरोहित लाल जी मिश्रा और पूजा कर रहे। अभिषेक ने बताया कि कई वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा पंडालों में रखकर पूजा होती चली जा रही है। इस अवसर पर मनोज कुशवाहा ग्राम प्रधान, समर बहादुर सिंह कुशवाहा , पवन कुमार केसरवानी ,लाल बाबू केसरवानी ,राम बाबू केसरवानी ,रतन केसरवानी अरुण, राहुल सिंह ,आलोक केसरवानी ,शिव पूजन ,शालिग्राम गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या मे भक्तगण पूजा पंडाल में मौजूद रहे।

कन्या भोज के पश्चात पुस्तक पेन व पौधा किया भेंट

जसरा। शारदीय नवरात्रि अष्टमी पर क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर कन्या भोज के साथ विभिन्न वस्तुओं का भी वितरण किया गया। इसीक्रम में जसरा क्षेत्र के दसई बंधवा में युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल ने इक्कीस बेटियों को आम, अमरुद, पारिजात के पौधों सहित कापी पेन भेंटकर बालिकाओं को सम्मानित किये। कार्यक्रम में भाजयुमो के जिला मंत्री महेन्द्र सिंह पटेल ने छात्राओं को विभिन्न पाठय सामग्री भेंटकर सम्मानित किये। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक अभिनव सिंह पटेल ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए आम जनमानस से नारी शक्ति का बखान करते हुए बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उक्त अवसर पर जिला मंत्री भाजयुमो महेंद्र सिंह पटेल, सुमित विश्वकर्मा, विजय, संजय, करन,प्रदीप पटेल, राहुल चंद्रवंशी, राजकुमार यादव,महिमा, सपना, रानी अमीषा पटेल, मानसी पटेल सहित स्थानीय लोग मौजूद रहें।

नेदुला में महागौरी का हुआ पूजन अर्चन

जंघई। आदर्श नव दुर्गा पूजा कमेटी केवलापुर, नेदुला में सोमवार को शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की गई। मान्यता है कि महागौरी की पूजा करने से पाप, कष्ट, रोग और दुख मिटते हैं मनोकामनाओं की पूर्ति होती है बच्चों की आयु बढ़ती है और सुख एवं समृद्धि आती है। इस अवसर पर एडवोकेट कुशलेश दुबे, महेंद्र यादव, साहब लाल श्रीवास्तव, अशोक यादव, मौजी दुबे, शिव कुमार दुबे, अवनीश श्रीवास्तव, बृजमोहन यादव, सोनू, राजेश गुप्ता, कल्लू गुप्ता, आशीष मिश्रा सहित तमाम समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

भजन संध्या में चलो बुलावा आया है भक्ति गीत पर झूम उठे श्रोता

सहसों। नवरात्रि पर्व पर रुद्रा संगम कॉलोनी अंदावा में रविवार को नवरात्रि के सातवें दिन कॉलोनी वासियों द्वारा पूजा पंडाल में मां भगवती की स्थापना के बाद भक्त महिलाओं द्वारा माता का कालरात्रि के रूप में भव्य पूजन पाठ धूप, दीप, नैवेद्य के साथ आरती उतारी गई। इस दौरान कॉलोनी वासी भक्तों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मनोहारी गीत प्रस्तुत किए गए। जिसमें चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है की अति मनभावन भजन पर श्रोता जमकर झूम उठे एवं पूरा पंडाल भक्तिमय रस में डूब गया। इस अवसर पर कलोनी निवासी भक्त नर नारियों ने माता की चरणों में प्रसाद भेंट कर उपस्थित भक्तजनों में वितरण किया । इस मौके पर संतोष सिंह, धीरज सिंह, संजीव सिंह, बीरेन्द्र दूबे, रवि सिंह, अनिल गुप्ता, सी एस सिंह, अंजू श्रीवास्तव, पूर्णिमा दूबे, सुनीता सिंह, सोना राय, बॉबी तिवारी सहित आदि श्रोता भक्तजन उपस्थित रहे।

गांधी व शास्त्री के सपनों के भारत का निर्माण कर रही भाजपा : राजमणि कोल

रत्योरा। महात्मा गांधी का सपना था कि हमारा देश स्वच्छ सुंदर एवं स्वस्थ हो इसी परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान की शुरुआत की जो आज एक मिसाल बन गया है। देश के सभी नागरिक इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं, जो काबिले तारीफ है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने लेडियारी मंडल में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा आयोजित जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि कही। जयंती समारोह को प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री काशी प्रांत भोला सिंह, निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बबुआन द्विवेदी, शिवाकांत पांडेय, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष महा नारायण सिंह, संतरा देवी निषाद, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू केसरी समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रभुनाथ व संचालन लेडियारी मंडल के महामंत्री सूर्य प्रताप सिंह ने किया। इसी प्रकार ब्लॉक मुख्यालय कोरांव पर बीडीओ मुकेश कुमार ने ध्वजारोहण कर ब्लॉक के अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ गांवो में बेहतर साफ सफाई रखने और निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली। ग्राम पंचायतों में भी ग्राम प्रधानों ने ध्वजारोहण कर गांवो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

बी एल सिंह कालेज में मनाई गई गांधी व शास्त्री जी की जयंती

घूरपुर। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की घूरपुर के पूरेखगन स्थित बी एल सिंह पब्लिक इंटर कालेज में धूमधाम से जयंती मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और इन दोनों महापुरुषों को नमन किया गया। बापू और शास्त्री के कार्यों पर चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। सभी ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रपिता तथा लाल बहादुर शास्त्री के कृतित्व व व्यक्तित्व को याद किया। दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इव अवसर पर कालेज के संचालक पुष्पराज सिंह प्रबंधक नागेंद्र सिंह प्रधानाचार्य कृष्ण शंकर तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये। कालेज के छात्रों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजई प्रतिभागी छात्रों को पुरुस्कृत किया गया। शिक्षक पवन कुमार गुप्ता, जगत बहादुर पटेल, इंद्रकांत कुशवाहा, जय प्रकाश राय, ओम प्रकाश पांडेय, शिवाकांत पांडेय, रेनू सिंह अर्चना गौतम, आंचल गौड़, मिथिलेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

बिना हथियार के सिपाही थे महात्मा गांधी

सहसों। देशवासियों के दिलों में आज भी महात्मा गांधी के विचार प्रासंगिक हैं। गांधी भवन कसेरूआ कला पर कस्तूरबा सेवा ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्य अतिथि ट्रस्ट के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता सहित अन्य लोगों ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बिना हथियार के सिपाही गांधीजी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने सामाजिक समरसता के साथ-साथ सत्य अहिंसा को हथियार मानते हुए देश की आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन रमेश चन्द्र केसरवानी ने किया। इस अवसर पर एमपी मौर्य, संजीव साहू , अजय कुमार गुप्ता, डॉक्टर भीम सिंह, डॉक्टर धर्मराज यादव, डॉक्टर संदीप गुप्ता, डॉक्टर अमित गुप्ता, डॉक्टर राजेन्द्र सिंह, डॉक्टर के के वर्मा, डॉक्टर शहजादे आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

धम्म विजय दिवस के उपलक्ष्य में कल मनाया जाएगा 66वां दीक्षा समारोह

फूलपुर। धम्मगाथा समिति कतवारूपुर के तत्वावधान में सम्राट अशोक महान व संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहेब का 66वां दीक्षा समारोह कल कतवारूपुर के अम्बेडकर पार्क में मनाया जाएगा। समारोह में मऊआइमा के पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्य बतौर मुख्य अतिथि तथा तहसील बार एसोसिएशन फूलपुर के पूर्व महामंत्री एडवोकेट दिलीप कुमार आजाद विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक प्रवीण मौर्य व अध्यक्ष खुशीलाल मौर्य ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की।

अनियंत्रित विक्रम व पिकअप में भिड़ंत, युवक घायल

मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर तेज रफ्तार अनियंत्रित विक्रम गाड़ी पिकप से जा भिड़ी विक्रम में सवार युवक घायल हो गया। मेजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के डीजीएस गेस्ट हाउस के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित विक्रम गाड़ी सड़क के किनारे साइड में खड़ी पिकअप गाड़ी से जा भिड़ी इस दौरान विक्रम में सवार सालिकराम (54) पुत्र संतलाल निवासी वीरपुर थाना करछना घायल हो गया। सूचना पर मेजारोड चौकी के उप निरीक्षक सचिन वर्मा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच घायल व्यक्ति को एंबुलेंस की सहायता से हॉस्पिटल भिजवाया। विक्रम चालक विक्रम छोड़कर मौके से फरार हो गया।

दुकानदार ने लगाई फांसी, मौत

झूंसी। थाना क्षेत्र के इसीपुर मलावा में एक 25 वर्षीय दुकानदार ने रविवार की दोपहर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। इसीपुर मलावा निवासी अमलेश भारतीया 25पुत्र जीया लाल भारतीया पांच भाई में सबसे छोटा अमलेश घर पर ही रह कर किराने की दुकान चलाता था। रविवार की दोपहर अपने कमरे में पंखे में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पत्नी निशा देवी कमरे में गई तो फंदे से अमलेश को लटकता देख चीखने चिल्लाने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

डीएम, एसएसपी के सामने हूटर बजाते भाग निकला

हनुमानगंज। अंदावा तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम संजय खत्री व एसएसपी शैलेश पांडे के सामने एक कार सवार हूटर बजाते हुए भाग निकला। एसएसपी शैलेश पांडे ने सरायइनायत पुलिस को कार को पकड़ने का आदेश दिया। लेकिन जब तक सरायइनायत थाने की गाड़ी हूटर बजाने वाले कार के पीछे जाती तब तक वह गायब हो चूका था। घण्टो छान बिन के बाद भी सरायइनायत पुलिस कार का पता नहीं लगा पाई। क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दुर्गा पूजा पंडालों में आग बुझाने की मुकम्मल व्यवस्था हो पुलिस को निर्देश

झूंसी। भदोही में दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने के बाद प्रदेश भर में प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया। सोमवार को एसएसपी प्रयागराज ने सभी थानों को निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र में दुर्गापूजा पंडालों में आग बुझाने की मुकम्मल व्यवस्था कराई जाए। झूंसी, सरायइनायत थाना क्षेत्र में कुल 100 से अधिक स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल सजे है पर कही भी आग बुझाने की कोई व्यवस्था नही थी। भदोही में हुए हादसे के बाद पुलिस सभी पूजा पंडालो में अग्नि शमन व्यवस्था करने में जुट गई। झूंसी इंस्पेक्टर ने बताया कि आयोजकों से सामंजस बना कर पुलिस पूजा पंडालों में बालिट्यों में बालू भरवाकर रखवा रहे है साथ ही पंडाल के पास टैंकर में पानी भरवा कर खड़ा कराया जा रहा है फायर ब्रिगेड से भी सहयोग मांगा गया है।

फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों ने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री व राज्यपाल को लिखा रक्तपत्र

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों ने संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल, शिक्षा मंत्री एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को रक्त पत्र लिखा। फीस वृद्धि के मुद्दे पर चार अक्तूबर को इविवि एवं जिला प्रशासन के अफसरों के साथ छात्रों की वार्ता प्रस्तावित है।फीस वृद्धि के खिलाफ छात्रसंघ भवन के सामने आमरण अनशन भी जारी है। विवेक सुल्तानवी और मुकेश यादव अनशन पर बैठे हैं। अनशन स्थल पर ही छात्रों ने रक्त पत्र लिखा, जिसमें कहा गया कि इविवि में 80 फीसदी छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि और गरीब परिवार से आते हैं। ऐसे में सीधे चार गुना फीस वृद्धि ऐसे परिवार के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित कर देगी।इस दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रवि किरण जैन के नेतृत्व में नागरिक समाज इलाहाबाद के लोगों ने अनशन स्थल पर पहुंचकर आंदालन को अपना समर्थन दिया। इनमें नरेश सहगल, सुरेंद्र राही, हरिश्चंद्र द्विवेदी, अवधेश यादव, ऋषेश्वर उपाध्याय, सुनीता शाह, विनोद तिवारी, डॉ. विक्रम, रामाज्ञा राय आदि शामिल रहे।छात्रों की चार अक्तूबर को इविवि प्रशासन और जिला प्रशासन के अफसरों के साथ वार्ता भी प्रस्तावित है। दो अक्तूबर को डीएम और कमिश्नर ने छात्रों के साथ बैठक कर फीस वृद्धि के मुद्दे पर इविवि प्रशासन के साथ वार्ता कराने का आश्वासन दिया था। हालांकि छात्रों को देर शाम तक नहीं बताया गया कि वार्ता कहां होगी।

रक्तपत्र लिखते इविवि के छात्र

फूलपुर स्टेशन का पश्चिमी फाटक खोलने की मांग उठी, सौंपा ज्ञापन

फूलपुर। जनता के सुलभ आवागमन हेतु सपाइयों ने सोमवार को फूलपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी फाटक को खोलने के साथ ही अन्य समस्याओं से सम्बन्धित छः सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश यादव व पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी ने सपा के सैकड़ों कार्यकताओं के साथ राज्यपाल को संबोधित छः सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए कहा कि रेलवे प्रशासन ने फूलपुर का पश्चिमी फाटक बन्द करके बड़ी आबादी का आवागमन बंद करने का काम किया है। नतीजतन जनता को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। फाटक स्थाई रूप से बंद होने के कारण जहां लोगों को तहसील, ब्लाक व अस्पताल में पहुंचने के लिए फालतू के चक्कर लगाने पड़ते हैं वहीं छात्राओं को कुछ ही दूरी पर स्थित राजकीय कालेज में जाने के लिए कई किमी के चक्कर लगाने पड़ते हैं। विधायक मुज्तबा सिद्दीकी ने कहा कि फूलपुर नगर पंचायत आजादी के बाद सबसे पुरानी और बड़ी आबादी वाली नगर पंचायत है। इस रेलवे क्रासिंग के बंद हो जाने से आधे से ज्यादा आबादी प्रभावित हुई है। इसलिए रेलवे प्रशासन अति शीघ्र समस्या का निराकरण करे अन्यथा की स्थिति में सपाई बड़ा आन्दोलन करने को बाध्य होंगे इस दौरान नि.जिला उपाध्यक्ष रामसुमेर पाल, नसीर उद्दीन राईन,शकील इस्माईल, मोहीद अंसारी,कुमार मंगल, सुहेल अहमद,शौरभ यादव,सुधीर द्वेवेदी, सुजीत यादव,नेहाल कादरी, मो,शहनवाज सैयद रहीम,राम प्रताप पाल, गुलफाम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रेलवे क्रासिंग खोलने के साथ ही अन्य समस्याओं पर छः सूत्रीय ज्ञापन सौंपते सपाई

हाईकोर्ट समाचार

पीडब्ल्यूडी के जेई को पुरानी पेंशन स्कीम में शामिल करने के आदेश पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो जजों की स्पेशल अपील बेंच ने लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत इंजीनियर के पक्ष में पारित एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है जिसके द्वारा याची प्रमोद कुमार शर्मा को पुरानी पेंशन स्कीम के तहत उसका पेंशन बनाए जाने का निर्देश दिया गया था। सिंगल बेंच ने इंजीनियर के पक्ष में आदेश पारित करते समय कहा था कि भले ही उसकी नियुक्ति वर्ष 2009 में हुई हो परंतु उसके चयन की प्रक्रिया वर्ष 2000 की वैकेंसी के तहत नई पेंशन योजना लागू होने के पूर्व पूरी हो चुकी थी।यह आदेश चीफ जस्टिस राजेश बिंदल एवं जस्टिस विक्रम जी चौहान की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग की तरफ से दाखिल विशेष अपील पर पारित किया। याची जूनियर इंजीनियर की तैनाती गौतम बुद्ध नगर में है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता रामानंद पांडेय का तर्क था कि 1 अप्रैल 2005 से नई पेंशन स्कीम लागू कर दी गई है।सरकार की तरफ से बहस किया गया की यूपी रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स 1961 के नियम 2 (3) में संशोधित व्यवस्था के अनुसार सेवा में एंट्री ही पेंशन के लिए मुख्य निर्णायक तिथि है। कहा गया कि याची का भले ही चयन पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने के समय हो गया हो परंतु उसकी सेवा में एंट्री नई पेंशन योजना लागू होने के पश्चात वर्ष 2009 में हुई है। इस कारण उसे पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल सकता। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक खरे का तर्क था कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किया जा चुका है ऐसे में याची पुरानी पेंशन का लाभ पाने का हकदार है। चूंकि एकल जज ने प्रदेश सरकार से याचिका पर जवाब मांगे बगैर याचिका को मंजूर कर याची के पक्ष में आदेश पारित कर दिया था, इस कारण विशेष अपील बेंच ने सरकार को याचिका में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस बीच एकल जज के आदेश के अमल पर रोक भी लगा दी है।

हाईकोर्ट ने पुलिस इंस्पेक्टर को डिप्टी एसपी बनाने का दिया निर्देश, एसीएस होम का आदेश रद्द

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिविल पुलिस में तैनात इंस्पेक्टर को डिप्टी एसपी बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एडीशनल चीफ सेक्रेट्री होम के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके द्वारा इंस्पेक्टर के प्रमोशन को सील बंद लिफाफे में करके डिप्टी एसपी नहीं बनाया गया था।यह आदेश जस्टिस नीरज तिवारी ने इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह की याचिका को मंजूर करते हुए दिया है। याची इंस्पेक्टर वर्तमान में फतेहगढ़ /फरुर्खाबाद में तैनात है। याचिका दाखिल कर एसीएस होम के 12 अगस्त 2021 को पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। मांग की गई थी कि इस आदेश को रद्द करके याची इंस्पेक्टर को 28 मई 1997 तथा 9 जनवरी 2018 के शासनादेशों के क्रम में उसे डिप्टी एसपी बनाया जाए तथा उसके सीलबंद लिफाफे को खुलवाया जाय। इंस्पेक्टर के प्रमोशन को जौनपुर में तैनाती के दौरान दर्ज एक 302 के मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल होने के आधार पर इन्कार किया गया था। याची के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 217, 218, 20, एवं 120 बी के तहत चार्जशीट दाखिल हुई थी।याची इंस्पेक्टर की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का तर्क था कि आरोप पत्र के आधार पर क्रिमिनल केस की अगली कार्रवाई पर इलाहाबाद हाईकोर्ट से रोक लगी हुई है। बहस की गई थी कि केस लंबित होने के बावजूद याची को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देकर वर्ष 2006 में दरोगा से इंस्पेक्टर बनाया गया। याची का सर्विस रिकॉर्ड बेदाग है और कभी भी उसके खिलाफ कोई भी विभागीय कार्यवाही नहीं की गई है। यहां तक कि याची द्वारा दाखिल एक पूर्व याचिका में एडिशनल डायरेक्टर पुलिस ने सचिव गृह को अपना कमेंट भेजते हुए कहा है कि याची का रिकॉर्ड बेदाग है उसके खिलाफ कोई भी दंड नहीं है। उसका चरित्र अत्यंत स्वच्छ व सुंदर है तथा विगत 17 वर्षों से उसने अपने पद का कोई दुरुपयोग नहीं किया है।कोर्ट ने याची के अधिवक्ता एवं सरकारी वकील को सुनने के बाद नीरज कुमार पांडे की केस में हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को आधार बनाते हुए निर्देश दिया कि एसीएस होम का आदेश 12 अगस्त 2021 निरस्त किया जाता है। कोर्ट ने याची को डिप्टी एसपी पद पर पद समस्त परिणामी लाभ सहित पदोन्नति देने का भी निर्देश दिया है।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

अखंड भारत संदेश

तहसील बार एसोसिएशन चुनाव : उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी ने दिलाई शपथ

फूलपुर। तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता शिवपूजन तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उपजिलाधिकारी फूलपुर शुभम श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि समारोह में उपस्थित रहे। उन्होंने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को जीत की बधाई दी। उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को जीत की बधाई देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं से समाज को ढेर सारी अपेक्षाएं रहती है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम भी अपने मुवक्किलो के साथ ही आमजन के हक हुकूक के लिये प्रयासरत रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि बेंच और बार में सदा सामंजस्य रहे यह अधिवक्ताओं की अगुवाई करने वाले संगठनों का नैतिक दायित्व है। इसके पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष ज्ञानदेव शर्मा, महामंत्री संतोष कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष महेश कुमार यादव, उपमंत्री बड़े लाल भारतीया, आडिटर जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, पुस्तकालाध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने अपने पद व गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता राम अभिलाष यादव,शंकर सिंह व राम अवध भास्कर ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता एजाज अहमद ने किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष अरविंद यादव, महामंत्री दिलीप कुमार आजाद, वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अहमद, सत्यनारायण, मुकेश यादव, बृजेश गौतम, राजीव वर्मा, विजय मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

व्यापार मंडल कार्यालय पर शिक्षक नेता का हुआ स्वागत

मेजा रोड। रविवार को किसी कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे शिक्षक नेता सुरेश त्रिपाठी का मेजा रोड में जोरदार स्वागत किया गया।बता दें कि शिक्षक नेता सुरेश त्रिपाठी का काफिला जैसे ही मेजारोड बाजार में पहुंचा व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने शिक्षक नेता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने सुरेश त्रिपाठी जिंदाबाद के नारे लगाए गए।गौरतलब हो कि शिक्षक नेता सुरेश त्रिपाठी कोरांव विधानसभा के पसना गांव में गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर भाग लेने के लिए जा रहे थे। स्वागत से अभिभूत शिक्षक नेता ने मौजूद लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया उसके बाद उनका काफिला आगे की ओर निकल गया।

अपहरण के आरोपी समेत कई अभियुक्त हुए गिरफ्तार

रत्योरा। खीरी पुलिस ने अपहरण के अभियोग में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त सत्य प्रकाश यादव पुत्र स्वर्गीय छोटे लाल यादव निवासी ग्राम खूंटा थाना खीरी जनपद प्रयागराज पर अपहरण का मामला दर्ज था जो फरार चल रहा था जिसको सोमवार को थाना प्रभारी खीरी अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक भप्पी सोनी, कांस्टेबल धीरज कुमार पटेल शामिल रहे। इसी प्रकार खीरी पुलिस ने शांति भंग के अंदेशा में कुल नौ अभियुक्तों शांति भंग में चालान किया। जिन लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया रविन्द्र कुमार पांडेय पुत्र धीरेंद्र कुमार पांडेय, शुभम पांडेय पुत्र श्याम बिहारी पांडेय निवासी ग्राम खरका खास थाना खीरी व संजय कुमार आदिवासी पुत्र देवीलाल निवासी ग्राम किहुनी खुर्द थाना खीरी, सनत शुक्ल पुत्र रामेश्वर प्रसाद शुक्ल निवासी ग्राम डीही खुर्द थाना खीरी, नीरज यादव पुत्र अच्छेलाल यादव निवासी ग्राम सलैया कला थाना खीरी, अशोक पुत्र स्वर्गीय राम जी निवासी ग्राम खमरिया थाना खीरी, लल्लन पुत्र स्वर्गीय बालीकरन निवासी ग्राम खमरिया थाना खीरी, श्याम बहादुर पुत्र राम गणेश निवासी ग्राम मझुआ थाना करछना, राजधर पुत्र रामहित निवासी ग्राम महुली कला थाना खीरी जनपद प्रयागराज शामिल है।

तीन मोटरसाइकिलों के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और आधा दर्जन देशी बम बरामद हुए हैं। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के पटहट रोड पुलिया के समीप से की गई है। यह जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शातिर चोरों के संबंध में जानकारी मिली। एसओ के मुताबिक मुखबिर से मिली सटीक जानकारी के आधार पर थाने के दरोगा सब इंस्पेक्टर ऋतुराजसिंह, अजीत कुमार वर्मा ने अपनी टीम के सदस्य राजेश सिंह यादव, बलिराम सिंह और कांस्टेबल शशिकांत यादवके साथ पटहट रोड पर घेराबंदी की और तीन चोरों को दबोच लिया। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्त में आए शातिर चोर कुलदीप पटेल पुत्र अखिलेश पटेल (निवासी जवा, रींवा, मध्यप्रदेश), धानेंद्र उर्फ रवि पटेल पुत्र चंद्रपाल पटेल (निवासी जनकहाई, जवा, रींवा, मध्यप्रदेश) और मोहित उर्फ छोटू जुग्गू माझी पुत्र छोटेलाल माझी (निवासी जवा बस्ती, जवा, रींवा, मध्यप्रदेश) से पूछताछ की गई। इसके बाद इनका चालान भेज दिया गया। तीनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया ह। कुलदीप के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में दो मुकदमे और धानेंद्र के खिलाफ भी दो केस दर्ज हैं। मोहित उर्फ छोटू भी शंकरगढ़ थाने में दर्ज दो मामलों में नामजद है।

न्यूज झरोखा

ट्रेन के इंजन पर चढ़ा युवक स्टेशन पर मची खलबली

नैनी। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर सोमवार की सुबह स्टापेज के दौरान दिमागी रूप से कमजोर एक युवक पवन एक्सप्रेस के इंजन पर चढ़ गया। युवक अपने भाई के साथ पुणे से रसड़ा जा रहा था। इंजन पर युवक को चढ़ते देख ड्यूटी पर तैनान आरपीएफ व जीआरपी के सिपाहियों के होश उड़ गए। उसे नीचे उतरने के लिए कहा गया, जब वह नहीं माना तो कंट्रोल को सूचना देकर ओएचई लाइन कटवाई गई और उसे जबरन नीचे उतारा गया। बलिया, रसड़ा में रहने वाला संतोष यादव पुणे में रहकर नौकरी करता है। संतोष के मुताबिक उसके भाई लोरित यादव (19) की इन दिनों तबीयत खराब चल रही है। वह दिमागी रूप से बीमार चल रहा है। उसका इलाज रसड़ा के ही एक डॉक्टर कर रहे हैं। रविवार को वह रसड़ा जाने के लिए निकला था। ट्रेन नंबर 11061 पवन एक्सप्रेस जैसे ही नैनी स्टेशन पर रुकी। उसी दौरान लोरित इंजन के ऊपर चढ़ गया। अपने कपड़ उतार दिए। यह देख ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के जवान भी इंजन पर चढ़कर उसे उतारने का प्रयास करने लगे तो लोरित ट्रेन के इंजन को विद्युत सप्लाई देने के लिए लगे पेन्टो को उठाकर ओएचई में टच करने का प्रयास करने लगा। काफी मशक्कत के बाद पीछे से कुछ लोगों ने लोरित को पकड़ लिया जिसके बाद चारों ओर से इंजन पर चढ़कर आरपीएफ के जवानों व वेंडरों ने उसे नीचे उतारा। इस दौरान लगभग 22 मिनट ट्रेन नैनी स्टेशन पर खड़ी रही। आरपीएफ नैनी ने बताया कि युवक भाई से पूछताछ की गई, उसने लोरित के डॉक्टर से बात कराई तो उसे जाने दिया गया।

उपायुक्त मनरेगा ने बीडीओ के साथ किया अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण

फूलपुर। उपायुक्त मनरेगा कपिल कुमार ने सोमवार को फूलपुर विकास खण्ड के हंसराजपुर व चमरूपुर उर्फ नंदौत गांव स्थित अमृत सरोवर तालाब व अमृत वाटिका का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ हनुमान प्रसाद वर्मा के साथ तालाबों की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे डीसी मनरेगा ने शत प्रतिशत मानव दिवस सृजन पर जोर देते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप गांवों में अधिक से अधिक मानव दिवस का सृजन किया जाए जिससे मनरेगा मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। वहीं अमीलिया गांव में बन रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण करने पहुंचे खण्ड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद वर्मा ने कार्य को मानक के अनुसार ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौके पर ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक के साथ ही अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

रीवर रैचिंग : गंगा नदी में डालें एक लाख साठ हजार मत्स्य बीज

करछना। मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत सोमवार को मत्स्य विभाग द्वारा अरैल घाट गंगा नदी में मछली के बच्चे छोड़े गए । राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड हैदराबाद द्वारा प्रायोजित रीवर रैचिंग के तहत नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल रखने के लिए नैनी के अरैल घाट पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद एवं विशिष्ट अतिथि विधायक बारा डॉक्टर वाचस्पति मौजूद रहे। करछना ब्लाक प्रमुख कमलेश द्विवेदी एवं चाका ब्लाक प्रमुख अनिल सहित मत्स्य विभाग की ओर से उप निदेशक मत्स्य विजयपाल एवं कार्यक्रम के आयोजक मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रयागराज इरफानुल्लाह खान के साथ प्रदीप मेहरा, नकुल प्रसाद निषाद, विजय कुमार निषाद, राजेश शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे ।

आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने की खुदकुशी

झूंसी। थाना क्षेत्र में एक युवक आर्थिक तंगी से परेशान होकर घर के बाहर स्थित कुएं में कूदकर जान दे दी। मामले की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह कुएं में कूदे युवक को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।नैका गांव निवासी सूरज कुमार 35 पुत्र शिव प्रसाद मेहनत मजदूरी व रिक्शा चला कर अपने परिवार का पेट चलाता था। सोमवार की दोपहर वह घर के बाहर स्थित कुएं में कूद गया। जिसकी वजह से हड़कंप मच गया मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई तभी सूचना पाकर मौके पर पहुंची झूंसी पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद सूरज को बाहर निकाला तब तक सूरज की मौत हो चुकी थी।

होमगार्ड मुख्यालय के आदेश पर किया गया पौधारोपण

सोरांव। क्षेत्र के मोहम्मदपुर नौगावां ग्राम पंचायत में होमगार्ड मुख्यालय के आदेश पर सभी होमगार्डों ने अमृत सरोवर पर रविवार गांधी जयंती पर लगभग सैकड़ों पौधा रोपण किए। इतना ही नहीं अमृत सरोवर पर ग्राम प्रधान व युवा ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश चंद्र द्विवेदी तथा विधि प्रकोष्ठ सदस्य जयवर्धन त्रिपाठी के उपस्थिति में ध्वजारोहण भी किया गया। तत्पश्चात महात्मा गांधी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी लोगों को इनके विचारों को अनुकरण कर पद चिन्हों पर चलने की बात कही। कार्यक्रम के संयोजक अमित कुमार पांडेय ने भी गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कंपनी होमगार्ड के संदीप कुमार, पन्ना लाल, इंद्र नारायण पाण्डेय,सुनील कुमार यादव,निरीक्षक विश्वनाथ राम सिंह आदि लोग रहे।

सपा संरक्षक के स्वास्थ्य की कामना को लेकर किया हवन पूजन

मेजा रोड। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की तबियत खराब होने पर सपा के नेता यूथ ब्रिगेड के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव नितेश तिवारी ने क्षेत्र के प्राचीन मां शीतला मंदिर रामनगर में हवन कर देवी का दर्शन किया और मुलायम सिंह यादव के दीघार्यु होने की कामना की। आपको बताते चले कि मुलायम सिंह यादव गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती है और इनकी बेहतर स्वास्थ्य लाभ को लेकर प्रदेश भर में तमाम जगहों पर दुआएं हो रही है।

बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में बांटी गई मिठाइयां

मेजा रोड। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा मेजारोड में सोमवार को अपने शाखा के कस्टमर को मिठाई देकर सम्मानित किया शाखा प्रबंधक राशिद अंसारी ने कहा कि बीओबी से जुड़ने वालों की संख्या निरंतर बढ़ती ही जा रही है। मौके पर श्रीनाथ, अतुल, अजय श्रीवास्तव, शेखर, साधु, निशांत, अरुण, अनिल मिश्रा, शंकुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

छिनैती के बाद चलती विक्रम से छात्रा को फेंकने का अरोप

अखंड भारत संदेश

नैनी। अरीवां कंपनी के पास 29 सितंबर को विक्रम से गिरकर घायल हुई छात्रा के मामा ने छिनैती करने के बाद नशेड़ियो द्वारा विक्रम से धक्का दिए जाने का आरोप लगाते हुए नैनी पुलिस को तहरीर दी है। घायल छात्रा की कोमा है और वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है।

थाना औद्योगिक क्षेत्र के महुवारी गांव में रहने वाले जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी भांजी रितिका श्रीवास्तव हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय से बीएससी कर रही है। 29 सितंबर को जब वह विक्रम से घर जा रही थी। उस दौरान अरीवा कंपनी के पास विक्रम में सवार नशेड़ियों ने उसकी कान की बाली छीनकर उसे चलती विक्रम से फेंक दिया गया। जितेंद्र के मुताबिक घटना के बाद वह उसे फौरन लेकर अस्पताल चले गए थे। तब से आजतक वह कोमा में है। उसके एक कान मे बाली नही है और उसमें खींचने का धाव भी है। इस बात कर पता चला तो घटना स्थल के कुछ दूर लगे सीसीटीवी कैमरे को दिखवाया गया। जिसमे चलती विक्रम से रितिका के गिरने की फुटेज मिली है। परिजनो के मुताबिक पुलिस मामले में हिलाहवाली कर रही है। वहीं मामले मे इंस्पेक्टर नैनी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि एक्सीडेंट का मामला है। छिनैती बात गलत है। जांच कराई जा रही है।

29 सितंबर को अरीवा कंपनी के पास सड़क पर खून से लतपथ मिली थी छात्रा

इलाज के दौरान कान में घाव और बाली न होने से परिजनों ने लगाया लूट का आरोप, कोमा में छात्रा रितिका जिंदगी और मौत से लड़ रही जंग

सिपाहियों से मारपीट करने वालों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

नैनी। औद्योगिक क्षेत्र थाना के डेज मेडिकल तिराहे के पास शुक्रवार रात बाइक टच होने पर सिपाहियो से अभद्रता और मारपीट करने वाले आरोपितो के खिलाफ पुलिस ने कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बतादें कि औद्योगिक क्षेत्र के थाना मे तैनात सिपाही संदीप और प्रदीप प्राइवेट ड्रेस में थाने से युनाइटेड पुलिस बूथ की ओर जा रहे थे। उसी दौरान डेज मेडिकल तिराहे के पास अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने डिवाइडर से एकाएक रोशन सिंह ने बाइक मोड़ दी। जिससे सिपाहियों की बाइक से रोशन की बाइक टच हो गई। बाइक छू जाने पर रोशन सिंह सिपाहियों से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर रोशन पास स्थित एक घर से आधा दर्जन से अधिक लोगो को बुला लाया और सिपाहियो से अभद्रता और मारपीट करने लगा। स्थानीय लोगो के बीच बचाव के बाद मारपीट कर रहे लोग वहां से फरार हो गए। उक्त मामले में सिपाहियों की तहरीर पर रोशन सिंह व आठ अज्ञात के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा समेंत अन्य धाराओं मे रविवार को एफआईआर दर्ज कर आरोपितो की तलाश कर रही है।

बेटे के सामने ट्रेन से कट गया नैनी का होनहार कलाकार

नैनी। होनहार कलाकार मुंबई में रेल पटरी पार करते समय हुआ हादसा। अरैल में किया गया अंतिम संस्कार, मोहल्ले में छाया मातम अनहोनी को कोई टाल नहीं सकता। 32 वर्षीय ब्रजेश कुमार वर्मा नैनी का होनहार नृत्य कलाकार था। वह मुंबई में रहकर कलाकारों को नृत्य सिखाता था। उसके साथ उसकी पत्नी विमला और तीन साल का बेटा विवान भी रहता था। ब्रजेश घर में वृद्ध माता-पिता से दशहरा में घर आने के लिए कहकर परिवार के साथ मुंबई गया था। 28 सितंबर को वह मुंबई के बीटी रेलवे स्टेशन पर उतरा। उसने एक बार पत्नी और बच्चे को पटरी पार कराया। दोबारा सामान को जब लेकर पटरी पार करने लगा तभी कोई ट्रेन आई और उसकी चपेट में आने से ब्रजेश के टुकड़े-टुकड़े हो गए। बदहवास विमला और मासूम बेटे के सामने सब कुछ समाप्त हो गया था। बेटे को पता ही नहीं था कि पापा अब इस दुनिया में नहीं हैं। हादसे के बारे में पुणे में रह रहे ब्रजेश के चाचा को जीआरपी ने सूचना दी। मुंबई में उनका पोस्टमार्टम किया गया। वहां से इनका पार्थिव शरीर नैनी लाया गया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार सोमेश्वर घाट पर किया गया। छह भाइयों में तीसरे नंबर के ब्रजेश होनहार नृत्य कलाकार थे।

मेजा में धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

मेजा रोड। महात्मा गांधी और आदर्श राजनेता और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन विभिन्न जगहों पर राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की ओर से धूमधाम से मनाया गया।रविवार को मेजा ब्लॉक परिसर में जयंती के अवसर पर मेजा प्रमुख गायत्री मिश्रा व प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा के द्वारा झंडारोहण किया गया। ब्लाक परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर प्रमुख ने माल्यार्पण कर नमन कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इसी क्रम में प्रमुख तथा प्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा ब्लॉक परिसर में साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। प्रमुख ने कहा कि दोनों महापुरुषों की जीवनी से हम सबको कुछ न कुछ सीखने को मिलता है महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे स्वदेशी अपनाने के लिए सदैव प्रेरित करते थे। इस अवसर पर ब्लॉक महकमे से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सैदनपुर विकास खंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

टेंडर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैदनपुर विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी में बनियन तारा अमृत सरोवर का सौन्दर्यीकरण मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022- 23 में किया जाना प्रस्तावित है कार्य की प्राक्कलित लागत 9 लाख 54 हजार रुपए प्रस्तावित है उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म से टेंडर आमंत्रित है विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं 04 अक्टूबर 2022 से 15 अक्टूबर 2022 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा फार्म पंजीकृत ठेकेदार जमा कर टेंडर प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं 17 अक्टूबर 2022 को समय दिन में 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर खोला जाएगा।

सोहनलाल
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सैदनपुर
विकास खंड मंझनपुर
जनपद कौशांबी

मनोज कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सैदनपुर
विकास खंड मंझनपुर
जनपद कौशांबी

होम्योपैथिक चिकित्सा से ही जड़ से समाप्त होती है बीमारी: विनोद सोनकर

मंडल स्तरीय होम्योपैथिक चिकित्सा मेला का सांसद ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। होम्योपैथिक चिकित्सा से ही बीमारी जड़ से समाप्त होती है। जब लोग बीमार होते हैं तो हर जगह से दवा कराने के बाद अंत में होम्योपैथिक चिकित्सा से उपचार कराते है। प्रदेश सरकार द्वारा इस तरह के स्वास्थ्य मेला से लोगों को अधिक लाभ होता है। गोतनी गांव में आयोजित मंडल स्तरीय होम्योपैथिक चिकित्सा मेला में अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

उक्त बातें सांसद कौशांबी/ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/चेयरमैन संसदीय आचार समिति लोकसभा एवं प्रभारी दादर नगर हवेली विनोद सोनकर ने सोमवार को कुंडा क्षेत्र के गोतनी गांव में मंडल स्तरीय होम्योपैथिक चिकित्सा मेला में बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करते हुए कहीं।

चिकित्सा मेला का फीता काटकर शुभारंभ करते सांसद विनोद सोनकर।

सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार की योजनाएं आज सीधे लाभार्थी के पास पहुंच रही है।

कुंडा क्षेत्र में विकास कार्य 2014 से लगातार चल रहा है। कुंडा के लोगों को जल्द ही जाम से मुक्ति मिलेगी। रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। कार्यक्रम के बाद गोतनी में राजेश सोनकर, मऊदारा में गुदून सोनकर, कुंडा में संजय सोनकर, एवं जिला महामंत्री सतीश चैरसिया के यहां पहुंच कर परिवारिक सदस्य के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डाव सुमन रहेजा, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़ डाव आशुतोष कुमार मिश्र, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, उदय शंकर पाण्डेय, देवराज शुक्ल, विनीत पाण्डेय, गोलू शुक्ल, मायापति तिवारी, सरोज तिवारी, महेश सिंह, गुदून सोनकर, आशुतोष जायसवाल, मनोज सोनकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कुम्भकरण को तीर लगते ही लगे श्री राम के जयकारे

श्री रामलीला समिति द्वारा निकाली गई कुम्भकरण वध की झांकी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री रामलीला समिति द्वारा आठवें दिन राम और कुम्भकरण युद्ध की झांकी निकाली गई। तीन बजे दिन में गोपाल मंदिर से राम व कुमभकरण युध्द की झांकी निकलकर चैक होते हुए रामलीला मैदान में श्री राम और कुंभकरण का भयंकर युद्ध हुआ।

युद्ध में भगवान श्री राम कुंभकरण को मार गिराया। कुंभकरण के मरते ही सैनिको में कोहराम मच गया। रावण विलाप करने लगा। राक्षसों में भय व्याप्त हो गया। श्री राम और कुम्भकरण का युध्द देखने के लिए रामलीला मैदान पर हजारो कि संख्या में भक्त उपस्थित रहे। रामलीला मैदान से वापस पंजाबी मार्केट होते हुए गोपाल मंदिर आकर लीला को विश्राम दिया गया।

इस अवसर पर संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, शिवम, बंटी नेता, विष्णु सोनी, सूरज, धर्मेंद्र सिंह, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, रोहित राज,

कुंभकरण से युद्ध करने का मंचन करते कलाकार।

धर्मेंद्र चैरसिया, विवेक कुमार, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, इंदिरा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, अनामिका पांडे, मेघा, ज्योति आदि रथ के साथ चल रहे थे।

आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के खजुरी गांव में मारपीट की घटना को लेकर आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास तथा बलवा व मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है। गांव के पृथ्वीपाल पुत्र रामसुख यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती छब्बीस सितंबर को जमीनी विवाद मे विपक्षियो ने लाठी डंडे से घर पर हमला बोल दिया। आरोपी गांव के ही किसन कुमार, सुनील कुमार, अरविंद कुमार व राजेन्द्र कुमार पुत्रगण तुलसीराम यादव तथा किसन के पुत्र अनिल व अमित नाली से पानी निकास को लेकर मारपीट करने लगे। आरोपियो ने घर मे घुसकर तोडफोड शुरू कर दी। वहीं हमले में पीडित का पुत्र राजेन्द्र गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। चुटहिल राजेन्द्र के बेहोश हो जाने पर आरोपियो ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को सुनील समेत आधा दर्जन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

उसैद ने जिले का नाम किया रौशन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल जब्बार के पौत्र उसैद खान ने जिले का नाम रौषन किया है। उसैद ने 36वें राष्ट्रीय डी कैथलान एथलीट गेमों में 20 साल पुराना रिकार्ड तोड़ कर भारत को चैम्पियन बनाया। उसैद पट्टी तहसील के पूरे देवजानी गांव के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 7 लाख इनाम देने का एलान किया है।

जयंती पर याद किये गए महात्मा गांधी

प्रतापगढ़। पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमत्रीं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनायी गयी। मदरसा में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शो के बारे में बताया गया। इस दौरान पी0एफ0आई0 पर भारत सरकार द्वारा लगाये गये प्रतिबंध की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि जो भी संगठन देश में आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिष करे, सरकार उस पर सख्त से सख्त कदम उठाये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी, मौलाना रेहान अहमद, एजाज अहमद, फिरोज अहमद, रिजवान अहमद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

संस्कार ग्लोबल स्कूल में रावण के पुतले का किया गया दहन

अखंड भारत संदेश

नौनिहालों ने किया रामायण का नाट्य मंचन

प्रतापगढ़। संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में विद्यालय के नौनिहालों ने रामायण का नाट्य मंचन एवं माँ दुर्गा के स्वरूप की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। इसके पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय के निदेशक संजय सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

बाल कलाकारों द्वारा रामायण के समस्त प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक रूप से मंचन किया गया जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। धूम्रपान, फास्ट-फूड फेसबुक, यूट्यूब,जुआ,बाजारू पेय और शराब जैसी चीजों की ओर नई पीढ़ी की बढ़ती लतों के प्रति आगाह करते हुए इन्हें रावण के दस सिरों के रूप में चित्रित किया और उनका दहन कर प्रचलित बुराइयों से मुक्ति की प्रतिबद्धता प्रकट की।

रामायण का नाट्य मंचन करते स्कूल के नौनिहाल।

नाट्य मंचन में संस्कार खत्री ने राम, वेदांश लक्ष्मण, काव्या सिंह सीता, देवधर भरत, शुभी मंथरा, हर्षिता सुमित्रा, दशरथ आरवेंद, आर्य और शौर्य प्रताप रावण, प्रतीक बाली,रुद्र सुग्रीव, दिव्य ने हनुमान के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी। ग्यारहवीं की छात्राओं ने गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने सभी को विजयादशमी के महत्व को बताया तथा सभी को अपने भीतर से रावण रूपी नकारात्मकता को हटाकर राम रूपी सकारात्मकता को आत्मसात करने की बात कही। उमा सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। तृषा, वंशिका, वरीशा, स्निग्धा, सत्यक, देवांश ने संचालन किया। गुंजन सिन्हा, शुभी अली, अनुष्का तिवारी, दया पुष्पजीवी, सोनम सोनी, रानू सिंह ने साज-सज्जा और कार्यक्रम तैयार कराया। सन्ध्या शुक्ला, प्रकाश त्रिपाठी, शमा, अविनाश सिंह,शिवानी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

चिलबिला हनुमान मंदिर पर बना अनोखा पंडाल

ओवरब्रिज और गुफा से चलकर हो रहे मोतियों वाली मां के दर्शन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति श्री हनुमान मंदिर चिलबिला (तालाब) पर गतवर्षो की भाँति लगे माता का पंडाल अद्भुत नजर आ रहा है। इस बार भक्तों द्वारा ओबर बृज से पहाड़ों पर चलने के बाद गुफा में ठंडे पानी के बीच चलने पर मोतियों से बनी मां की भव्य प्रतिमा के दर्शन भक्त कर रहे हैं। शाम से ही भक्तों की कतार ओवर ब्रिज पर चढ़ने के लिए लग जाती है। भक्तगण इस अद्भुत पंडाल पर परिवार सहित सेल्फी लेते नजर आते हैं।

पंडाल के संचालक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि यह पंडाल 1997 से मां के भक्तों द्वारा लगाया जाता है इस पंडाल के संरक्षक भगवान भोले शंकर और अध्यक्ष श्री हनुमान जी महाराज हैं। इस बार भक्तों द्वारा 40 फीट ऊपर ओवरब्रिज बनाया गया है ओवर ब्रिज पर चलने के बाद पहाड़ों के बीच फिर ठंडे पानी से भक्त धीरे-धीरे चलकर मोतियों से बनी मां के दर्शन करते हैं। यहां पर धार्मिक स्थल होने से भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यह पंडाल भरत मिलाप तक भक्तों के दर्शन के लिए खुला रहेगा। इस पंडाल में अपनी सेवा दे रहे भक्त सूरज उमरवैश्य, शनी, आशीष कुमार, विवेक कुमार, सोनू, शिवम सिंह, अमन गुप्ता, राकेश कुमार, विजय कुमार, आदर्श कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, सुरेश अग्रवाल, देवानंद, सुरेश माली, आशीष लाइट हाउस, पीहू, सुरेश पांडे, शिव प्रताप सिंह आदि चिलबिला वासी पंडाल पर सेवा दे रहे हैं।

अष्टमी पर पूजी गयी कन्याएं, भण्डारों मे श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र पर सोमवार को जगह जगह महागौरी के पूजन अर्चन में देवी भक्तों को उल्लास मे देखा गया। देवी मंदिरों के साथ पाण्डालों में कन्या पूजन व भण्डारों का भी आयोजन हुआ दिखा। पण्डित का पुरवा में हनुमान जी के मंदिर के समीप सोनू मिश्र के संयोजन में हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद चखा। वहीं भवराम बोझी गांव में भी हनुमान मंदिर परिसर में आशीष तिवारी के संयोजन में भण्डारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। लालगंज मे श्री दुर्गा पूजा समिति के पाण्डाल में अष्टमी पर कन्या पूजन का कार्यक्रम हुआ। इसका संयोजन समाजसेवी जयकौशल व राजा शुक्ला तथा बब्लू पटवा ने किया। बाजार खास के अंदर दुर्गा पूजा पाण्डाल में दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं ने यहां हो रही श्री रामलीला के मंचन का भी आनन्द उठाया। कार्यक्रम में विनय सिंह, विकास पाण्डेय, गौरीशंकर पाण्डेय, ओंकारनाथ आदि को प्रबंधन में मशक्कत करते देखा गया। चैक के समीप रायबरेली रोड पर सप्तमी को दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कार्यक्रम का संयोजन सभासद रमेशचंद्र कौशल ने किया। राजेन्द्र नगर में समाजसेवी संजय द्विवेदी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने मां की विशेष आरती पूजन कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इनहन भवानी धाम में अष्टमी पर परम्परागत मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ देर शाम तक जुटी दिखी।

यासीनिया इंटर कालेज प्रशासन का अभविप ने फूंका पुतला, प्रभारी निरीक्षण को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर यासीनिया इंटर कालेज प्रशासन का पुतला फूंका और नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। ततपश्चात ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक को सौंपा गया।

जिला संयोजक रमेश सिंह पटेल का आरोप है कि दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गनई डीह रखहा बाजार के समीप स्थित यासीनिया इंटर कॉलेज में राष्ट्रगान और भारत माता की जय न कराये जाने को लेकर कई दिनों से छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों ने विरोध जताया था, जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर यासीनिया इंटर कालेज प्रशासन का पुतला फूंका और नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक को सम्बोधित ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद ने विद्यालय के प्रधानाचार्य के निलंबन व अन्य पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान ध्रुव शुक्ला, कुणाल सिंह, अश्वनी, आदित्य, निखिल, प्रिंस, रामेंद्र, अमित, शुभम मिश्रा, प्रान्त कार्यकारणी सदस्य अतिथि, नगर मंत्री सत्यम सिंह, मनीष सिंह, गौरव, अंजनी आदि लोग उपस्थित रहे।

कालेज प्रशासन का पुतला फूंकते अभविप कार्यकर्ता।

जिला मजिस्ट्रेट ने पांच व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 05 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने निरस्त कर दिया है। उन्होने थाना कोतवाली ग्राम टक्करगंज प्रतापगढ़, वर्तमान पता-गौहरपुर थाना सरायममरेज जनपद-प्रयागराज के मो0 सईद उर्फ सैयद पुत्र सादिक हुसैन उर्फ लल्ला मिया के शस्त्र डीबीबीएल, थाना फतनपुर ग्राम धनऊपुर के नीरज कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 रामराज मिश्रा के शस्त्र डीबीबीएल व राज कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 रामराज मिश्रा के शस्त्र रिवाल्वर, थाना अन्तू ग्राम भर्दौसी के सर्वेश कुमार सिंह पुत्र रवीन्द्र प्रताप सिंह के शस्त्र पिस्टल व थाना हथिगंवा ग्राम बिसहियां के इरफानुद्दीन उर्फ चुन्ने पुत्र सिराजुद्दीन के शस्त्र रायफल को निरस्त कर दिया है।

मारपीट व तोडफोड की घटना में दर्ज हुआ केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के अझारा गांव निवासी रामबोध सरोज पुत्र कुल्ली ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रंजिशन गांव के जोखू सरोज, हरकेश सरोज, सुब्बू सरोज व तिनहिन पत्नी अमरेश ने बीती तेईस सितंबर के उसे जमकर मारापीटा। बीचबचाव को आयी उसकी पत्नी को भी आरोपियो ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियो के गाली देने पर पीडित ने शोर मचाया तो आरोपी जानलेवा धमकी देते हुए घर का दरवाजा और वहां लगा नल तोड दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज किया है।

कैम्प लगाकर वसूला जाएगा बकाया बिजली का बिल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शासन के आदेश पर विद्युत विभाग अब गांवों में कैंप लगाकर बिजली के बिल की वसूली करेगा। बकाया न जमा करने पर कनेक्शन काट दिए जाएंगे। जिसके लिए 10 अक्टूबर तक गांवो में कैंप लगाकर बकायेदारों से बिजली बिल की वसूली की जाएगी। बिल जमा न करने पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। उडैयाडीह पावर हाउस के अवर अभियंता जयराज राजपूत ने बताया कि शासन के आदेश पर यह कैम्प लगाया जा रहा है, जिसमें 4 अक्टूबर को उडैयाडीह बाजार, पांच को गजरिया, 6 को लौवार, 7 को गोई, 8 को किठौली जलालपुर, 9 को उडैयाडीह बाजार व 10 अक्टूबर को आशापुर अठगवां गांव में कैंप लगाकर बकायेदारों से बिजली बिल की वसूली की जाएगी। बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। जेई ने बताया कि यह कैंप आगे भी लगातार चलता रहेगा।

चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 अमित कुमार चैहान मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ वाछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के सुखपाल नगर तिराहा के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 683/22 धारा376, 504, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त प्रदीप पटेल पुत्र रामराज नि0 काराघाट थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। उधर थाना जेठवारा से उ0नि0 अशोक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वाछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र जेठवारा के ग्राम कुटिलिया के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 260/22 धारा 366, 376, भादवि में वांछित अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र ज्ञान सिंह नि0 जालिमगंज बसहीपुर थाना कुण्डा को गिरफ्तार किया गया। उधर थाना बाघराय से उ0नि0 सचिन कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वाछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र बाघराय के छेवगां नहर पुलिया के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 241/ 22 धारा 363, 366, 376, 506, भादवि व 5एल/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सचिन सरोज पुत्र हरिशचन्द्र नि0 औतारपुर थाना बाघराय को गिरफ्तार किया गया। थाना उदयपुर से उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0नं0 2096/2012 धारा 406, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त शिवमूरत पुत्र रामलखन नि0 पूरे बसन्दर मजरे मंगापुर थाना उदयपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

पिटाई से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उड़ैयाडीह बाजार निवासी जगरूप (50) शुक्रवार शाम घर के पास लगे दुगार्पूजा पंडाल में गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार उसके धक्के से वहां लगा पंखा गिर गया। इस पर लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन घर पर ही उसका निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे, जहां सुबह उसकी मौत हो गई।

जगरूप की पत्नी राधा देवी की सूचना पर इकलौती बेटी गीता अपने पति शिवप्रसाद के साथ सुल्तानपुर से आई। दामाद शिवप्रसाद की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसआई राधेश्याम ने बताया कि परिजन की पिटाई से आई चोटों के कारण मौत की बात कह रहे हैं। घटना के बाद न तो पुलिस को सूचना दी गई और न अस्पताल में भर्ती कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

दिव्यांग दम्पति के साथ मारपीट मे कार्रवाई नही कर रही खाकी

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा पडरी निवासिनी चंद्रा देवी पत्नी चन्द्रशेखर ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा है कि बीती दो अक्टूबर को आरोपियो ने उसे रंजिशन घर मे घुसकर मारापीटा तथा मारपीट के दौरान उसकी पायल छीन ली। पीडिता ने कहा है कि वह पति पत्नी दोनों दिव्यांग हैं। आरोपी गांव के शंकर वर्मा पुत्र मथुरा वर्मा ने घर मे घुसकर उसके साथ मारपीट व तीन हजार नकदी समेत पायल छीन लिया। पीडिता का कहना है कि उसने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी किंतु आज तक उसका मुकदमा नही दर्ज किया गया । इधर पीडिता के मुताबिक आरोपी उसे शिकायत को लेकर रोज धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि शिकायत की जांच कराकर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

गाँधी जयंती पर महापुरुषों को श्रद्धा सुमन हुए अर्पित

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। एमएमपीजी कालेज कालाकांकर में रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कालेज में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कालेज में ध्वजारोहण किया गया और दोनों महान पुरुष की याद मे कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। उधर डिग्री कालेज व इंटर कालेज के 150 एनसीसी कैडेटों ने पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत कालाकांकर गंगातट किनारे साफ सफाई किया, जिसमें एन0सी0सी0 अधिकारी डॉ0ले0 शिव भूषण गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसमे प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव, इंटर मीडिएट कालेज कालाकांकर के प्रधानाचार्य कैप्टन शमशाद अहमद, प्रो0 इंदुरेखा सिंह,प्रो0 रामकरन सिंह,प्रो प्रदीप सिंह, प्रो0 मुन्नालाल ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन इंदुरेखा सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ श्रष्टि कुशवाहा, डॉ उमा सिंह, प्रीती सिंह, प्रो0 विनीता सिंह, प्रो0 हवालदार सिंह, डॉ रामलखन परिहार, अब्दुल रज्जाक, उदय सिंह, नवल कुमार, विजय कुमार सहित कालेज के छात्र छात्राये मौजूद रही। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय मुरस्सापुर व सोनामऊ में प्रधानध्यापक वकील अहमद व डॉ संजय शुक्ला तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय परियावां प्रथम में प्रधानाध्यापक योगेश चन्द श्रीवास्तव ने स्कूल में महापुरुष महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया, जिसमें स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पंडालों में बालू व पानी रखने के दिये गए निर्देश

भदोही घटना के बाद जागा प्रशासन

कौशाम्बी। दुर्गा पंडाल भदोही जनपद में घटना होने के बाद सरकार के निर्देश पर प्रशासन जाग गया है और दुर्गा पंडालों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देश पर जिले की समस्त थानों की पुलिस द्वारा माँ दुर्गा के पंडालों के आयोजकों से बात कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है कड़ाधाम,करारी,सैनी मंझनपुर समेत जिले की समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के दुर्गा पंडाल के आयोजकों को जागरूक करते हुए कहा गया कि पंडालों में पर्याप्त मात्रा में पानी और बालू रखें संभव हो तो अग्निशमन यंत्र भी रखें ताकि अचानक से होने वाली किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सके पुलिस द्वारा आयोजकों से यह भी कहा गया कि पंडाल परिसर में विद्युत तारों के रखरखाव का विशेष ध्यान दें साथ ही व्यवस्थित रूप से ही पूजा पाठ कराएं भदोहीं जनपद में दुर्गा पंडाल में आग से हुए हादसे के बाद प्रशासन ने निर्देश जारी किये पुलिस द्वारा निर्देश मिलने के बाद दुर्गा पंडाल के आयोजक पंडाल में पानी बालू समेत अग्निशमन यंत्र रखने के क्रम में जुट गए हैं।

महिला सिपाही की प्रसव के दौरान हुई मौत

गोरखपुर में तैनात महिला सिपाही प्रसव के लिए आई थी अपने मायके

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के पठनपुरवा गांव निवासी महिला सिपाही की प्रसव के दौरान मौत हो गई। महिला सिपाही का नवजात शिशु भी मृत निकाला गया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पठन पुरवा गांव निवासी भारत लाल उर्फ लल्ला की बेटी सुषमा निषाद (30) महिला कांस्टेबल थीं। 2016 में वह पुलिस विभाग में भर्ती हुई थी। इन दिनों उनकी तैनाती गोरखपुर मुख्य थाना में थी। वाराणसी के छतनाग गांव निवासी श्याम कुमार से उनकी शादी हुई थी। श्याम रेलवे पुलिस में सिपाही हैं। सुषमा प्रसव के लिए छुट्टी लेकर पठनपुरवा गांव स्थित मायका में ही रह रही थी। सुषमा को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन तिल्हापुर मोड़ स्थित निजी अस्पताल लेकर गए। हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने जांच के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। एसआरएन अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत बच्चे को बाहर निकाला। इसी दौरान सुषमा की भी मौत हो गई। शव लेकर गांव लौटे परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया है।

लग्जरी बस को एआरटीओ ने किया सीज

बस की सवारियों को दूसरी बस से भेजा गया

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में एआरटीओ ने वाहन चेकिंग की,चेकिन के दौरान एक टूरिस्ट बस को एआरटीओ ने कागजात पूरे नही होने पर सीज कर दिया और थाने पर खड़ी करा दिया।इस दौरान बस में बैठी सभी सवारियों को दूसरी बस से भेजा गया। रॉयल टूरिस्ट बस सर्विस की एक बस प्रयागराज की तरफ से जोधपुर राजस्थान की तरफ सवारियों को लेकर जा रही थी,तभी कोखराज थाना क्षेत्र ने वाहनों की चेकिंग में लगे एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल ने टूरिस्ट बस को रोक लिया और उनके कागजात चेक किए, कागजात चेकिंग के दौरान कागजात अपूर्ण पाए जाने पर उन्होंने उसे सीज कर दिया और कोखराज थाने पर खड़ी करा दिया।इस दौरान बस पर बैठी सवारियों को टूरिस्ट सर्विस की दूसरी बस से गंतव्य स्थान पर भेज दिया गया।

अझुवा में बही भक्ति की बयार पंडालों और मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धाल

छोटी छोटी बच्चियों ने गरबा नृत्य कर श्रद्धालुओं का मन मोहा

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर चहुँओर जय माता दी की ध्वनि सुनाई दे रही है श्रद्धालुओ का देवीमंदिरों दुर्गा पूजा पंडालों में माँ दुर्गा की भक्ति भाव से आराधना की जा रही है मंगल गीत गाये जा रहे हैं श्रद्धालु मन्दिर दुर्गा पंडालों में पहुंचकर जयकारे लगा रहे हैं।नगर पंचायत अझुवा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र बनपुरवा कनेमाई, केन,कनवा र,धुमाई,बरीपुर साखा सहित तमाम गांवों में मा दुर्गा की प्रतिमा रख कर श्रद्धालु भजन कीर्तन कर रहे हैं अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित हनुमान मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचकर आरती भजन कीर्तन करते हैं तमाम जनसमूह के साथ जुटकर हनुमत मांस मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता श्रद्धालू प्रसाद वितरण कर नगर वासियों में भक्ति का भाव जागृत कर रहे हैं। नगर पंचायत

देवी पंडाल में नृत्य करती बालिकाएं

अझुवा के वार्ड 12 नयानगर लाई मंडी में द्वारिका से आये कथावाचक सत्यम कृष्ण शुक्ल उर्फ भेड़ि महाराज को सुनने के लिए नगर के नर नारी छोटे छोटे बच्चों का हुजूम उमड़ता है संगीत मय वाद्ययंत्रों से पूरा नगर भक्तिमय हो जाता है वहीं नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 8 गांधीनगर में आलोक सरस महाराज का कथावाचक सुनने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।लाई मंडी में आयोजित दुर्गा पंडाल में कथावाचन के बीच बीच मे छोटी छोटी बच्चियां जो कि नन्दी वाणी की छात्राएं मनमोहक गरबा नृत्य कर मौजूद लोगों के मन को मोह लेती हैं। अध्यक्ष बसंत लाल अग्रहरी उर्फ कल्लू कोरू ने बताया 4 दिसंबर को पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा 5 दिसंबर को मूर्ति विसर्जन प्रशासन की देखरेख में ससुर खदेरी नदी पुल के पास नगर पंचायत प्रशासन द्वारा निश्चित किये गए स्थान पर किया जाएगा।

भगवान श्री राम से जुड़ी है नवरात्र पर्व की एक विशेष कथा

सराय अकील के श्री राम जानकी मंदिर में हुआ भव्य श्रृंगार

कौशाम्बी। 26 सितम्बर 2022 से नवरात्र महापर्व का शुभारम्भ हो चुका है। इस बीच मंदिरों में मां भगवती के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्त उमड़ रहे हैं। नवरात्रि पर्व पर सराय अकील कटरा के वार्ड नंबर 7 स्थित श्री राम जानकी मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। कस्बे में गलियो के बीच बसे इस मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण, माँ सीता, भगवान शिव जी , हनुमान जी, लड्डू गोपाल की अद्भुत मुर्तिया स्थापित है। श्री राम जानकी मंदिर का निमार्ण रमा शंकर रस्तोगी पुत्र मोती लाल रस्तोगी ने सन 1992 में करवाया था। तब से हर साल नवरात्रि में रावेंद्र रस्तोगी , रेखा रस्तोगी , देव रस्तोगी , वंशिका रस्तोगी के द्वारा श्री राम जानकी मंदिर को भव्य तरीके से सजाकर सुबह शाम पूजा अर्चना किया जाता है। नवरात्रि में सैकड़ो भक्त मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए आते है। रावेंद्र रस्तोगी द्वारा नवरात्रि में हर रोज प्रसाद का वितरण किया जाता है। हिन्दू धर्म में सबसे महत्वपूर्ण पर्वों से एक नवरात्र पर्व का समापन विजयदशमी पर्व के दिन 5 अक्टूबर को होगा। मान्यता है कि नवरात्र पर्व में मां आदिशक्ति के नौ सिद्ध स्वरूपों की आराधना करने से भक्तों के सभी दुःख-दर्द दूर हो जाते हैं और उन्हें मनोवांछित इच्छापूर्ति के आशीर्वाद की प्राप्ति है। शास्त्रों में भी कई ऐसी कथाओं का वर्णन मिलता है जो नवरात्र पर्व के महत्व को विस्तार से दशार्ता है। बता दें कि नवरात्र में उपवास रखने की प्रथा रामायण काल से भी पहले से चलन में है। देवी भागवत पुराण के अनुसार भगवान राम ने लंका पर चढ़ाई करने से पहले मां दुर्गा का नौ दिन उपवास रखा था। यह उपवास इसलिए विशेष था क्योंकि मां दुर्गा ने स्वयं प्रकट होकर प्रभु श्री राम को विजय होने का आशीर्वाद प्रदान किया था।

फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों का शोषण बर्दाश्त नही : अजय सोनी

सकिपा की मासिक बैठक में जलमग्न फसलों के नुकसान के मुआवजे की उठी मांग

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिला मुख्यालय मंझनपुर के पार्टी कार्यालय में पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी नेता अजय सोनी ने की। इस दौरान किसानों की कई समस्यायों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान मौजूद रहे लोगों ने भारी बारिश के चलते किसानों की फसलों के पानी में डूबने पर मुआवजा न मिलने की बात उठाई। इस अवसर पर लोगों से वार्ता करते हुए पार्टी नेता अजय ने कहा कि जिले के कई स्थानों में भारी बारिश के चलते जल जमाव हो गया है और जल जमाव के कारण कई जगहों पर खरीफ की फसलें डूब गई हैं जिसके चलते किसानों का भारी नुकसान हुआ है।

अजय सोनी ने कहा कि उक्त हुए नुकसान का तहसील प्रशासन द्वारा सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। साथ ही जिन जिन किसानों ने फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा कराया है उनके नुकसान का बीमा कंपनियों द्वारा समुचित मुआवजा दिया जाय। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि बीमा कंपनियों द्वारा फसल बीमा के नाम पर किसानों का शोषण किया जाता है। फसल बीमा के नाम पर किसानों के खातों से बीमा की धनराशि तो कट जाती है लेकिन फसलों के नुकसान होने पर किसानों को मुआवजा देने में बीमा कंपनियां आनाकानी करती हैं। आगे कहा कि बीमा कंपनियों द्वारा मुआवजा राशि देने में किसानों के साथ शोषण हुआ तो कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि मेरे द्वारा ग्राम गंभीरा पूर्व, खनवारी, जगधा आदि के खेतो में भारी बारिश के कारण हुए जलजमाव के चलते पानी में डूबी फसलों का विगत दिनों स्थलीय जायजा लिया गया था और किसानों को मुआवजा देने की मांग की गई थी परन्तु आज तक जिम्मेदारों के कानो में जूं तक नहीं रेंगी। इस संबंध में अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही जिले भर के ऐसे कई स्थानों में जलजमाव के कारण डूबी फसलों का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया तो जिले की तीनों तहसीलों में आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर प्रेमचंद केसरवानी, जय लाल चौधरी, राकेश चौधरी, सुरजीत वर्मा, फूलचंद्र लोधी, मलखान सिंह पटेल, पियूष श्रीवास्तव, मुकेश सरोज, अजय सोनी, दिलीप कुमार, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने किया पैदल गस्त

कौशाम्बी। कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से मंझनपुर कोतवाली पुलिस प्रतिदिन कोतवाली क्षेत्र में पैदल गस्त कर संदिग्ध लोगों कीतलाश कर रही है और कोतवाली पुलिस वाहनों की जांच पड़ताल प्रतिदिन कर रही है प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर विनोद कुमार सिंह अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर एवं चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गण व हमराह पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में शनिवार को पैदल गस्त करके नवरात्रि दुर्गा पूजा दशहरा मेला एवं 12 वफात के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वस्तु संदिग्ध वाहन आदि की चेकिंग की गई एवं जनता के व्यक्तियों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

बिना सूझबूझ के बनाए गए नाले से भरा रहता है गंदा पानी

हर्रायपुर कौशाम्बी। भरवारी नगरपालिका के अंतर्गत मूरतगंज जोन क्षेत्र के कशिया उर्फ मोतीलाल आजाद नगर वार्ड नंबर 18 में कुशवाहा स्वीट हाउस से लेकर मान सिंह राजपूत के घर तक कुछ दिन पहले नाले का निर्माण किया गया था लेकिन नाला निर्माण के समय सूझबूझ का परिचय नहीं दिया गया जिससे नाला की गंदगी बाहर नहीं निकल पाती और उसी में भरी रहती है नाला निर्माण होने के बाद नगर पालिका सफाई करवाने को भूल गए और नाले का पानी कहीं निकलने का रास्ता ना बनाने की वजह से नाले में भरा होने के कारण पानी बदबू करने लगा जिससे डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियां वा तरह-तरह की बीमारियां क्षेत्र में पैदा हो रही है मूरतगंज जोन के सफाई कर्मी भी वहां भूल से नहीं जाते हैं जिससे नगरपालिका के मूरतगंज जोन के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है कि नाले में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए।

जमीयत उलेमा द्वारा आयोजित जलसा रहमत आलम सल्लाह अलैहि व सललम

कौशाम्बी। असदुल्लापुर रूही भरवारी रोड गांव की पुरानी मस्जिद में मगरिब की नमाज हुआ जिसमें धार्मिक शिक्षा बोर्ड जमीयत उलेमा कौशांबी के अध्यक्ष हजरत मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुजतबा साहिब कासमी ने कहा कि रबी-उल-अव्वल का महीना तीसरा महीना है.इस्लामी वर्ष के इतेबार से और इस महीने में हमारे पैगंबर मुहम्मद (सललाह अलेहि व सललम) की पैदाईश हुई थी, इसलिए यह महीना बहुत धन्य है, आप सभी लोगों के लिए दुनिया की दया हैं और जमीयत उलेमा कौशांबी के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद कासमी की प्रार्थना के साथ बैठक समाप्त हुई इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद कासमी, मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुजतबा कासमी, हाफिज कामरान, हाफिज गुलनवाज, दाऊद भाई, मुहम्मद जेद, फरदीन आदी मौजुद रहे !

मंझनपुर कोतवाली में मनाई गई गांधी जयंती

कौशाम्बी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर थाना मंझनपुर में गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण एवं माल्यार्पण पुष्प भेंट अर्पित किया गया गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने एवं सत्य अहिंसा का व्रत लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने एवं निर्बल वर्ग के उत्थान हेतु कार्य करने का संकल्प मंझनपुर कोतवाल विनोद सिंह सहित अधीनस्थ पुलिस बल को कराया गया एवं राष्ट्रगान सहित राष्ट्रपिता को एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई एवं रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवान गाकर राष्ट्रपिता के जन्मोत्सव को थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा मनाया गया एवं भारत माता की जय हो का जयघोष पुलिस द्वारा किया गया।

तो फिर डीएम से बड़े हैं थानेदार और डीपीआरओ

कई महीने बीते दोषी पंचायत सचिव की गिरफ्तारी और निलंबन भूल गए अधिकारी

जिलाधिकारी के जांच के बाद दोषी पाई गई थी पंचायत सचिव अर्चना सरोज

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। सरकारी खजाने में हेराफेरी कर सरकारी रकम को बर्बाद करने के आरोपी पंचायत सचिव अर्चना सरोज के कारनामों की जांच जिला अधिकारी ने कराई जाच में पंचायत सचिव का दोष सामने आया और 50 लाख रुपए से अधिक की सरकारी रकम के भ्रष्टाचार में पंचायत सचिव समेत कई ग्राम प्रधान को जांच अधिकारियों ने दोषी माना जिलाधिकारी के निर्देश पर पंचायत सचिव समेत कई ग्राम प्रधान के ऊपर कोखराज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद आरोपी पंचायत सचिव अर्चना सरोज और दोषी ग्राम प्रधान की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी अब सवाल उठता है कि जिला अधिकारी की जांच के बाद दोषी पंचायत सचिव और दोषी ग्राम प्रधानों की गिरफ्तारी के बजाए थाना पुलिस के पास कौन सा ऐसा साक्ष्य लग गया है जिससे दोषी पंचायत सचिव और ग्राम प्रधानों को पुलिस निर्दोष मान रही है चचाओं पर जाए तो थाना पुलिस सिस्टम के तहत काम कर रही है दोषी पंचायत सचिव और दोषी ग्राम प्रधान थाना पुलिस के सिस्टम में शामिल है।

दोषियों पर मेहरबान डीपीआरओ...

कौशाम्बी। डीएम की जांच के बाद 50 लाख रुपए से अधिक के घोटाले के आरोप में पंचायत सचिव और प्रधान पर मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद डीपीआरओ ने दोषी पंचायत सचिव के निलंबन करने के लिए कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाई है इतना ही नहीं जाँच के बाद दोषी पाए जाने वाले पंचायत सचिव और प्रधानों पर कई महीने पूर्व कोखराज थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी उनके कार्य शैली पर निलम्बन करने के लिए अभी तक जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को पत्र नहीं लिखा है जिससे दोषी पंचायत सचिव का निलंबन नहीं हो सका है सिस्टम में कहां खामियां है इसकी जांच कराए जाने की जरूरत है या फिर जिलाधिकारी से बड़े डीपीआरओ और थानेदार हो गए हैं जिससे जिलाधिकारी की जांच कमजोर पड़ रही है।

घर में घुसकर विधवा महिला के साथ किया दुष्कर्म

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव में विधवा महिला के साथ गांव का युवक घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया। महिला के द्वारा शोर मचाने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। आरोपी युवक के विरुद्ध सराय अकिल थाना में मुकदमा पंजीकृत हो गया है और विवेचात्मक कार्यवाही पुलिस कर रही है।

दलालों का अड्डा बना थाना करारी!

थाने के बाहर ही हो जाती है लम्बी रकम की सांठ गांठ, पीड़ित को नहीं मिल पाता इंसाफ

अखंड भारत संदेश

करारी कौशाम्बी। कभी न्याय के प्रसिद्ध जनपद कौशाम्बी का थाना करारी आज पूरी तरह से दलालों के गिरफ्त में आ चुका है न्याय की आस लगाए हुए फरियादी घण्टों इंतजार करते है और उसे खुशी होती है कि साहब के यहां से उसे न्याय मिलेगा लेकिन उसे नहीं पता होता कि उस फरियादी को न्याय नहीं मिलेगा क्योंकि दलालों का अड्डा बना थाना करारी पैसे की सांठ गांठ में माहिर हो चुका है और अन्त में फरियादी के खुद ही उल्टा केस लगाकर जेल भेजने की धमकी दे दी जाती है जिससे फरियादी डरकर सुलह हो जाता है और अपराधियों का बोल बाला हो जाता है बाद में वही अपराधी बड़ी से बड़ी अनहोनी घटना कोअंजाम देने की कोशिश में लग जाता है। जानकारी के मुताबिक इस समय लोगों के बीच थाना करारी दलालों के अड्डा के नाम से प्रसिद्ध है करारी कोतवाल के मेहरबानी से फरियादी को दलालों और कुछ सिपाही के द्वारा थाना करारी के बाहर ही जेल भेजने की धमकी देकर सुलह होने का दबाव बनाया जाता है जिससे फरियादी डरकर सुलह होने पर मजबूर हो जाता है और इस तरह से फरियादी का कानून से विश्वास उठता नजर आ रहा है।

नवरात्रि, दशहरा के साथ धूमधाम से मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सिराथू स्थित रिच लुक किड्स प्ले स्कूल व स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम के बच्चों ने छुट्टी से पहले शनिवार को नवरात्रि, दशहरा और राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती को बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मिस रूपल केशरवानी ने बच्चो को भगवान राम के विषय मे बताया , उन्होंने बताया कि लंका के राजा रावण ने माता सीता का हरण कर लिया था, राम जी द्वारा रावण से आग्रह पूर्वक सीता माता को वापस करने के निवेदन को नकार देने के कारण भगवान राम ने लंका में हनुमान, सुग्रीव और उनकी सेना के साथ आक्रमण कर रावण का वध कर दिया तब से हम सभी दशहरा का पर्व मनाते है। नवरात्रि के विषय मे बताते हुए मिस रूपल केशरवानी ने कहा कि मां दुर्गा ने महिसासुर के आतंक और अत्याचार को समाप्त करने के लिए नौ दिनों तक उससे युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध किया। इसी खुशी में हम लोग विजयदशमी और नवरात्रि को धूमधाम से मनाते है। विद्यालय की अध्यापिका आंशिक मिश्रा ने राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती के ऊपर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जी का जन्म हुआ था और इसी दिन हमारे देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का भी जन्म हुआ था। गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे उन्होने अंग्रेजो के विरुद्ध बहुत से अंदोलन किया और अंग्रेजो को देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। विद्यालय के अध्यापक हीरा लाल साहू व आँचल कुशवाहा, सुधा पांडेय ने भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में छोटी छोटी कहानियां सुनाकर बच्चो को सदा सत्य बोलने, लड़ाई झगड़ा न करने और अपने कर्तव्य को सही से करने की बात बताई।बच्चों ने भी गांधी जी व शास्त्री जी के विषय मे बोला। क्लास फर्स्ट से अयांश, प्रियोम, आदित्य, आर्यन क्लास सेकंड से अविरल, धैर्य और निधि ने तथा क्लास थर्ड से आराध्या,अदिति, आरुषि, आराध्या केशरवानी, इशिका सिंह ने गांधी जी व शास्त्री जी के बारे में बताया। एक नाटक के माध्यम से बच्चों ने सीताहरण और रावण वध का मंचन भी किया। अन्त में सभी बच्चों ने नवरात्रि में गुजरात के नृत्य गरबा और डांडिया के संगीत में झूमकर डांस किया सभी बच्चों को इस अवसर पर विद्यालय की तरफ से चॉकलेट वितरित की गई। कार्यक्रम में सैकड़ो छात्र, अध्यापक व अभिभावक गण शामिल रहे।

अपनी मैम के साथ गरबा और डांडिया कर झूमे बच्चे

स्कूल में डांडिया गरबा डांस करते बच्चे

भवन्स मेहता में गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर हुआ आयोजन

भरवारी कौशाम्बी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम स्कूल भरवारी में प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर दोनो महान नेताओं को याद किया।निदेशक संदीप सक्सेना ने भी दोनो महान व्यक्तित्व को जन्मदिन के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि एक ने हमें अंग्रेजों से लड़ने की राह दिखाई तो दूसरी सादगी की मिसाल बनी। उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी के योगदान को अपने निजी जीवन में धारण करने की सलाह देते हुए उनके पद चिन्हों और विचारों पर चलने की जरूरत पर जोर दिया।इस अवसर पर छात्रा आकांक्षा सिंह एवं अंशु चौबे ने रघुपति राघव राजा राम गीत गाकर सबका मन मोह लिया। सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने भी गांधी जी एवं शास्त्री जी के फोटो पर माल्यार्पण कर उनके विचारों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संपादकीय

दलित अध्यापक पर जुल्म क्यों?

वाराणसी विश्वविद्यालय के दलित अध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार गौतम को इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया है कि उसने एक आपत्तिजनक ट्वीट किया था। क्या था, वह ट्वीट? उसमें गौतम ने लिखा था कि हिंदू स्त्रियां नवरात्रि के मौके पर नौ दिन उपवास रखने की बजाय संविधान और हिंदू आचार संहिता पढ़ें तो उनको गुलामी और भय से मुक्ति मिल जाएगी। गौतम के इस कथन में अतिवाद है, इसमें जरा भी शक नहीं है लेकिन उनका यह कथन अकेला होता कि हिंदू औरतें संविधान आदि पढ़ें तो उसमें कुछ भी गलत नहीं था लेकिन उन्होंने नवरात्रि के उपवास का मजाक उड़ाया, यह तो आवश्यक नहीं था। इसके बिना भी वे अपनी बात कह सकते थे। ऐसा नहीं है कि उन्होंने ऊंची जातियों की स्त्रियों का ही मजाक उड़ाया है। इसमें दलित स्त्रियां भी शामिल हैं। इस ट्वीट के कारण उन्हें नौकरी से निकाल देना तो उनकी गलती से भी बड़ी गलती है। भारत स्वतंत्र राष्ट्र है। इसमें हर नागरिक को अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता है। यदि वह नवरात्रि या किसी भी प्रकार के उपवास को पाखंड मानता है तो मानता रहे। उसे मानने की भी स्वतंत्रता है और अपना विचार प्रकट करने की भी स्वतंत्रता है। यदि विश्वविद्यालय के अधिकारी उससे असहमत है तो उन्हें उसकी काट करने की भी पूरी स्वतंत्रता है। यदि वाराणसी विश्वविद्यालय के निर्णय को सही मान लिया जाए तो भारत में महर्षि दयानंद, अंबेडकर, रामास्वामी नायकर, चार्वाक आदि विचारकों की रचनाओं पर तो पूर्ण प्रतिबंध लगाना होगा। इन विचारकों ने व्रत, उपवासों के ही नहीं, बड़े-बड़े देवताओं और भगवानों के भी धुर्रे बिखेर दिए हैं।

मैं स्वयं हिंदूओं और जैनों के व्रत-उपवासों, मुसलमानों के रोजा, ईसाइयों के फास्टिंग, यहूदियों के योम किप्पूर के उपवास आदि को जीवन में बहुत महत्वपूर्ण मानता हूं लेकिन यदि कोई उनसे सहमत नहीं है तो वह असहमत होने के लिए स्वतंत्र है। उसे नौकरी से निकालना या उसके खिलाफ मुकदमा चलाना या उसे दंडित करना अपने आप में अधर्म है। डॉ. गौतम का कहना है कि सिर्फ उनके खिलाफ ही नहीं, जितने भी दलित अध्यापक हैं, उनके खिलाफ उस विश्वविद्यालय में तरह-तरह के अभियान चलते रहते हैं, खास तौर से हिंदुत्ववादी तत्वों द्वारा। ये हिंदुत्ववादी लोग वास्तव में हिंदुत्व क्या हैं, इसे ठीक से समझते ही नहीं हैं। ये लोग वास्तव में मध्यकालीन यूरोप और अरब देशों में प्रचलित धार्मिक अंधविश्वास और अतिवाद की नकल करते रहते हैं। लेकिन अपने आप को स्वतंत्र विचारक कहने वालों का क्या यह कर्तव्य नहीं है कि वे आलोचना तो करें लेकिन दूसरों की भावनाओं को ठोस पहुंचाने से बचें?

रूस पर भारी पड़ता यूक्रेन के साथ युद्ध

विगत दिनों समरकंद में संघीय देशों की बैठक में वैश्विक देशों की अपील के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति की महत्वपूर्ण सलाह दी थी ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनको कहां यह समय युद्ध नहीं शांति और सद्भाव का समय है इसमें विकास को गति दिए जाने हेतु पहल की जानी चाहिए। विश्व के सभी देशों ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया ,न्यूजीलैंड और अन्य यूरोपीय देशों के सदस्यों ने इसका खुले दिल से स्वागत किया था और यह आशा की थी कि शायद व्लादिमीर पुतिन शांति और सद्भावना पर अमल कर बातचीत के जरिए यूक्रेन के साथ कोई हल निकालेंगे। पर विगत दिनों व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के चार शहरों में अपना कब्जा किए जाने और और आक्रमण पर तेजी लाने की बात कही जिससे पूरा यूरोप और अमेरिकी प्रशासन ने रूस के विरोध में अपना मोर्चा खोल दिया है' न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार पुतिन ने घोषणा की है 4 शहरों को रूस की सीमा के भीतर विनय कर दिया जाएगा ।इसके बाद अमेरिका सहित अन्य यूरोपीय देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ परिषद यूक्रेन के 4 शहरों पर कब्जा किए जाने के विरुद्ध कड़ी निंदा का प्रस्ताव किया है जिस पर संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की वोटिंग हुई एवं रूस ने वीटो पावर का इस्तेमाल कर उसे रोक दिया है ।दूसरी तरफ रूस की बड़ी घोषणा जिसके तहत पुतिन ने आंशिक सेना संग्रहण यानी आम जनता से सैनिकों की भर्ती शुरू कर दी है जिसके अंतर्गत रूस में 2.5 करोड़ सैन्य प्रशिक्षकों मैं से 3लाख सैनिक आम जनता से भर्ती किए जाने हैं। जिसके फलस्वरूप रूस से लगे 14 देशों की सीमा से रूस के आम नागरिकों का पलायन तेजी से होने लगा है और लगभग 3 लाख से ज्यादा रूस के नागरिक आर्मेनिया, जॉर्जिया तथा अन्य देशों में भागना शुरू कर चुके हैं' आम लोगों के बीच सैन्य भर्ती का पुतिन का आदेश रूस की जनता के बीच बहुत नकारात्मक गया है' रूस के कई शहरों में इस भर्ती के आदेश के विरुद्ध नागरिकों के बड़े प्रदर्शन हुए हैं' दरअसल इस प्रदर्शन में शामिल अधिकांश बुजुर्ग लोगों ने अपने युवा बच्चों को युद्ध में शामिल करने के विरोध में कई सवाल उठाए हैं' उनका स्पष्ट कहना है कि इस युद्ध में लगभग 80000 रूसी सैनिक या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं और यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की सनक और तानाशाही का परिणाम ही है' पुतिन के बेहद करीब एवं वरिष्ठ सांसद ने न्यूज एजेंसी को बताया कि पुतिन के इस आदेश के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया है' सैटेलाइट की तस्वीरों और न्यूज एजेंसी की बातों पर विश्वास करें तो लाखों लोग रूस की सीमा पर दूसरे देशों में शरण लेने के लिए एकत्र हो गए हैं।

शक्ति-पूजा का पर्व है दशहरा

रमेश सर्राफ धमोरा

दशहरा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था। इसीलिये इस दशमी को विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। दशहरा शब्द हिंदी के दो शब्दों दस और हारा से मिलकर बना है। जहां दस गणित के अंक दस (10) और हारा शब्द पराजित का सूचक है। इसलिए यदि इन दो शब्दों को जोड़ दिया जाए तो दशहरा बनता है। जो उस दिन का प्रतीक है जब दस सिर वाले दुष्ट रावण का भगवान राम ने वध किया था। दशहरा अथवा विजयदशमी पर्व को भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में। दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है। शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की ही भांति यहां भी दस दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इस पर्व की तैयारी आरंभ हो जाती है। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर वस्त्रों से सज्जित होकर ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्रो को लेकर बाहर निकलते हैं। पहाड़ी लोग अपने ग्रामीण देवता का धूम धाम से जुलूस निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर नगर के मुख्य भागों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और

कुल्लू नगर में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा निराली होती है। कर्नाटक में मैसूर का दशहरा भी पूरे भारत में प्रसिद्ध है। मैसूर में दशहरे के समय पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सज्जित किया जाता है और हाथियों का शृंगार कर पूरे शहर में एक भव्य जुलूस निकाला जाता है। इस समय प्रसिद्ध मैसूर महल को दीपमालिकाओं से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। इसके साथ शहर में लोग टार्च लाइट के संग नृत्य और संगीत की शोभायात्रा का आनंद लेते हैं। इन द्रविड़ प्रदेशों में रावण-दहन का आयोजन नहीं किया जाता है। महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं, जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश एवं नये घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है। सायंकाल के समय पर सभी ग्रामीणजन सुंदर-सुंदर नव वस्त्रों से सुसज्जित होकर गांव की सीमा पार कर शमी वृक्ष के पत्तों के रूप में स्वर्ण लूटकर अपने ग्राम में वापस आते हैं। फिर उस स्वर्ण का परस्पर आदान-प्रदान किया जाता है। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। इस दौरान यहां आगंतुकों का स्वागत पारम्परिक मिठाई और उपहारों से किया जाता है। यहां भी रावण-दहन के आयोजन होते हैं, व मैदानों में मेले लगते हैं। बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय ना मानकर, लोग इसे मां दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक पर्व मानते हैं। दंतेश्वरी माता बस्तर अंचल के निवासियों की आराध्य देवी हैं, जो दुर्गा का ही रूप हैं। यहां यह पर्व पूरे 75 दिन चलता है। यहां दशहरा श्रावण मास की अमावस से आश्विन मास की शुक्ल त्रयोदशी तक चलता है। प्रथम दिन जिसे काछिन गादि कहते हैं, देवी से समारोह आरम्भ की अनुमति ली जाती है। देवी एक कांटों की सेज पर विरजमान होती हैं, जिसे काछिन गादि कहते हैं। यह कन्या एक अनुसूचित जाति की होती है। जिससे बस्तर के राजपरिवार के व्यक्ति अनुमति लेते हैं। यह समारोह लगभग 15वीं शताब्दी से शुरू हुआ था। इसके बाद जोगी-बिठाई होती है। इसके बाद भीतर रैनी (विजयदशमी) और बाहर रैनी (रथ-यात्रा) और अंत में मुरिया दरबार होता है। इसका समापन अश्विन शुक्ल त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।

> वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। अपने को समाज में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वह सर्वाधिक दु:खी रहता है। वृद्ध समाज को इस दु:ख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाने का निर्णय लिया

बंगाल, ओडिशा और असम में यह पर्व दुर्गा पूजा के रूप में ही मनाया जाता है। यह बंगालियों, ओडिया, और आसमिया लोगों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। बंगाल में दशहरा पूरे पांच दिनों के लिए मनाया जाता है। ओडिशा और असम मे 4 दिन तक त्योहार चलता है। यहां देवी दुर्गा को भव्य सुशोभित पंडालों में विराजमान करते हैं। देश के नामी कलाकारों को बुलवा कर दुर्गा की मूर्ति तैयार करवाई जाती हैं। इसके साथ अन्य देवी द्वेवताओं की भी कई मूर्तियां बनाई जाती हैं। यहां षष्ठी के दिन दुर्गा देवी का बोधन, आमंत्रण एवं प्राण प्रतिष्ठा आदि का आयोजन किया जाता है। उसके उपरान्त सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी के दिन प्रातरू और सायंकाल दुर्गा की पूजा में व्यतीत होते हैं। अष्टमी के दिन महापूजा की जाति है। दशमी के दिन विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। प्रसाद चढ़ाया जाता है और प्रसाद वितरण किया जाता है। पुरुष आपस में आलिंगन करते हैं, जिसे कोलाकुली कहते हैं। स्त्रियां देवी के माथे पर सिंदूर चढ़ाती हैं व देवी को अश्रुपूरित विदाई देती हैं। इसके साथ ही वे आपस में भी सिंदूर लगाती हैं व सिंदूर से खेलते हैं। इस दिन यहां नीलकंठ पक्षी को देखना बहुत ही शुभ माना जाता है। अन्त में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाता है। विसर्जन की यह यात्रा भी बड़ी शोभनीय और दर्शनीय होती है। गुजरात में मिट्टी सुशोभित रंगीन घड़ा देवी का प्रतीक माना जाता है और इसको कुंवारी लड़कियां सिर पर रखकर एक लोकप्रिय नृत्य करती हैं जिसे गरबा कहा जाता है। गरबा नृत्य इस पर्व की शान है। पुरुष एवं स्त्रियां दो छोटे रंगीन डंडों को संगीत की लय पर आपस में बजाते हुए घूम घूम कर नृत्य करते हैं। इस अवसर पर भक्ति, फिल्म तथा पारम्परिक लोक-संगीत सभी का समायोजन होता है। पूजा और आरती के बाद डांडिया रास का आयोजन पूरी रात होता रहता है। नवरात्रि में सोने और गहनों की खरीद को शुभ माना जाता है। कश्मीर के अल्पसंख्यक हिन्दू नवरात्रि के पर्व को श्रद्धा से मनाते हैं। परिवार के सारे वयस्क सदस्य नौ दिनों तक उपवास करते हैं। अत्यंत पुरानी परम्परा के अनुसार नौ दिनों तक लोग माता खीर भवानी के दर्शन करने के लिए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय विजय नामक मुहूर्त होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। इसलिए भी इसे विजयादशमी कहते हैं। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में दशहरा नौ दिनों तक चलता है जिसमें तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा की पूजा करते हैं। पहले तीन दिन धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन होता है। अगले तीन दिन कला और विद्या की देवी सरस्वती की अर्चना की जाती है और अंतिम दिन देवी शक्ति की देवी दुर्गा की स्तुति की जाती है। पूजन स्थल को अच्छी तरह फूलों और दीपकों से सजाया जाता है। लोग एक दूसरे को मिठाइयां व कपड़े देते हैं। यहां दशहरा बच्चों के लिए शिक्षा या कला संबंधी नया कार्य सीखने के लिए शुभ समय होता है।

वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे

सुनील कुमार महला

यह संसार जिसमें हम रह रहे हैं, भौतिकवादी संसार है। आज यहाँ स्वार्थ सर्वोपरि हो गया है। स्वार्थ इतना नहीं होना चाहिए कि हम दूसरों की खुशी छीन लें। संस्कृत में कहा गया है-" वृक्ष क्षीणफलं त्यजन्ति विहगाः शुष्कं सरः सारसाः। निर्द्रव्यं पुरुषं त्यजन्ति गणिकाः भ्रष्टं नृपं मन्त्रिणः। पुष्पं पर्युषितं त्यजन्ति मधुपाः दग्धं वनान्तं मृगाः।सर्वः कार्यवशात् जनोऽभिरमते तत् कस्य को वल्लभः।।" इस श्लोक का अर्थ यह है कि बगैर फल के वृक्ष का पंछी त्याग करते हैं; सारस सूखे सरोवर का, गणिका निर्द्रव्य पुरुष का, मंत्री भ्रष्ट राजा का, भौंरे रसहीन पुष्पों का, और हिरन जलते वन का त्याग करते हैं । सब लोग (किसी न किसी) वजह से प्यार करते हैं, अन्यथा कौन किसे प्रिय है ? इस संसार में मनुष्य पदार्थ प्राप्ति के लिए अपनी जी-जान तक लगा देता है। दूसरे शब्दों में कहें तो, हम स्वार्थी हैं और स्वार्थ ठीक नहीं होता। वास्तव में, यह संसार स्वार्थ के लिए ही अपना बनता है। दूसरों को हानि पहुंचाकर अपने हितों को साधना क्या सही कहा जा सकता है ? बिल्कुल नहीं, यह ठीक नहीं कहा जा सकता है। वास्तव में स्वार्थ स्वयं को प्राथमिकता देता है जबकि यदि हमें इस संसार में खुश रहना है, शांति से जीवन व्यतीत करना है तो हमें स्वार्थ को हर हाल में छोड़ना होगा, क्योंकि कहीं न कहीं स्वार्थ दुखों का कारण बनता है। स्वार्थ के वशीभूत आदमी सिर्फ और सिर्फ अपना व्यक्तिगत हित, भलाई देखता है, उसे दूसरों की कोई भी परवाह या फिक्र नहीं होती। स्वार्थ में हम दूसरों के हितों की अवहेलना कर बैठते हैं। ईश्वर ने हमें जीवन दिया है तो स्वार्थी बनने के लिए नहीं दिया है, क्योंकि जब हम स्वार्थी होते हैं तो केवल और केवल अपना सुख,अपनी भलाई देखते हैं, दूसरों की भलाई, उनके सुख दुख की तनिक भी परवाह नहीं करते हैं, जो कि गलत है। क्या भगवान ने हमारी रचना इसीलिए की है कि हम केवल अपना ही पेट भरें, हम अपने हितों को साधते रहें एवं अपने परिवार के भरण-पोषण में ही संसार में स्वयं को भुला दें और उस भगवान को भूल जाएं , जिसने हमें इस संसार में भेजा ? कबीर जी कहते हैं कि-"कबीर मनिषा जनम दुर्लभ है, देह न बारंबार।तरवर थैं फल झड़ि पड्या, बहुरि ना लागै डार।।" यानी कि जैसे पेड़ से एक बार पत्ता यदि टूटकर दूर हो जाता हैतो उसे पुनः जोड़ा नहीं जा सकता है वैसे ही मनुष्य जीवन भी जब समाप्त हो जाता है तो पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता है, भाव है कि मनुष्य जीवन अत्यंत ही दुर्लभ है जो करोड़ों यत्नों के उपरान्त मिलता है और इसका मूल उद्देश्य हरि या भगवान का सुमिरण करना, अपनेमालिक का शुक्रिया अदा करने नेकी से जीवन व्यतीत करना है। और यह सब तभी संभव हो सकता है जब हम निःस्वार्थी हों ।एक स्वार्थी व्यक्ति दुनिया की अच्छी चीजों में जितना संभव हो उतना बड़ा हिस्सा लेने की कोशिश करता है। सच तो यह है कि स्वार्थी व्यक्ति स्वयं का आनंद ढूढ़ता है, दूसरों के आनंद की उसे परवाह या फिक्र नहीं होती।स्वार्थी हर चीज का अनुचित हिस्सा लेते हैं, और दूसरों को अपने सुख की प्राप्ति के साधन के रूप में इस्तेमाल करने की पूरी कोशिश करते हैं।खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका है दूसरों को खुश करना और कोई भी दूसरों को तभी खुश रख सकता है जब वह निःस्वार्थ भाव से काम करे। जब आप निःस्वार्थी होते हैं तो आपको हृदय में एक नवीन खुशी का अहसास होता है।संस्कृत में कहा गया है- "निर्धनं पुरुषं वेश्या प्रजा भग्नं नृपं त्यजेत् । खगा वीतफलं वृक्षं भुक्ता अभ्यागता गृहम् ॥" यानी कि वेश्या निर्धन पुरुष का, प्रजा पदभ्रष्ट राजा का, पंछी फलरहित वृक्ष का, और खाने के पश्चात महेमान घर का त्याग करते हैं (अर्थात स्वार्थसिद्धि के बाद सब चले जाते हैं)। बहरहाल, यहाँ कहना चाहूंगा कि स्वार्थ शब्द बुरा नहीं है। इस संसार में सभी स्वार्थ के कारण ही अपने बनते हैं। सारा संसार ही स्वार्थ के लिए अपना बनता है परंतु चतुर व्यक्ति वही है जो बिना किसी स्वार्थ के गुणी आदमी का सम्मान करता है। तभी शायद कबीर जी ने कहा है- "स्वारथ का सबको सगा, सारा ही जग जान।बिन स्वारथ आदर करें, सो नर चतुर सुजान।।" हमें अपने प्रयोजन सिद्धि के लिए दूसरों को नुकसान या हानि नहीं पहुंचानी है। मनुष्य ने अपनी स्वार्थपरता के कारण इस धरती को भी कहीं का नहीं छोड़ा है। पृथ्वी जो कि हमारे जीवन का आधार है उसे भी अपने स्वार्थ के लिए नुकसान पहुंचा रहा है। आज धरती का पर्यावरण प्रदूषित हो गया है। सूर्य, पवन, वरुण और वन-वृक्ष निःस्वार्थ हैं। यदि ये स्वार्थ साधना में मग्न हो जाएं तो वर्तमान सृष्टि का क्या होगा ? सभी स्वार्थी होंगे तो सब नष्ट हो जायेगा। स्वार्थपूर्ण जीवन सबसे दुखदायी जीवन है। कबीर दास जी कहते हैं- "वृक्ष कबहुँ नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर।परमारथ के कारने, साधुन धरा सरीर।।" भावार्थ यह है कि साधु का स्वभाव परोपकारी होता है, जैसे वृक्ष कभी अपना फल स्वंय नहीं खाता है और नदी जिस प्रकार से स्वंय के नीर का संचय नहीं करती है वैसे ही साधु और संत भी अपने ज्ञान का उपयोग परमार्थ के लिए ही करते हैं, स्वंय के कल्याण के लिए नहीं। सच तो यह है कि प्रकृति सदा देने का भाव रखती है वह बदलें में कुछ भी नहीं चाहती है। जो मनुष्य मोह माया एवं स्वार्थ में फंसे रहते हैं , वे अपने अंत समय में पछताते हैं और जो इनसे स्वयं को मुक्त कर लेते हैं , वे समाज और देश के काम आते हैं। वास्तव में, स्वार्थ एवं अपने संकीर्ण विचारों के कारण ही हम अपना एवं अपने समाज, अपने परिवार, अपने राष्ट्र का उत्थान नहीं कर पाते हैं। यदि हम स्वार्थ की भावना से ऊपर उठकर जीवन जिएं तो हम सभी का भला कर सकते हैं। तो आइए हम दूसरों के लिए जीवन जीने का प्रयास करें, स्वार्थ छोड़ें, क्योंकि स्वार्थ में तो सभी जीते हैं। अंत में मैथिलीशरण गुप्त जी के शब्दों में यही कहूंगा कि-"विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभीम् मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करे सभी। हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरेम् वृथा जियेम् मरा नहीं वहीं कि जो जिया न आपके लिए। यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरेम
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।"

दुनिया के नवाचार में भारत की छलांगें एक बड़ी उपलब्धि

ललित गर्ग

भारत दुनिया में नवाचार की दृष्टि से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। संभवतः आजादी के बाद यह पहला अवसर है कि भारत के विकास की दृष्टि से नवाचार (इनोवेशन) के जितने सफल एवं सार्थक प्रयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं, उतने पूर्व में नहीं हुए हैं। उससे दुनिया में भारत की छवि बदली है एवं प्रतिष्ठा बढ़ी है। दुनिया में तरक्की व प्रगति का बुनियादी आधार नवाचार ही होता है। इस क्षेत्र से भारत के लिए सुखद और गर्व करने योग्य खबर है कि हमने एक बड़ी छलांग लगाई है। एक साल पहले के 46वें स्थान के मुकाबले अब हम 40वें स्थान पर आ गए हैं। सात साल में भारत इनोवेशन का निर्धारण करने वाली ग्लोबल इंडेक्स में 81वें स्थान से उछलकर 40वें पायदान पर पहुंच गया है। शीर्ष स्तर पर एक साल में छह स्थान की एवं सात साल में 41 स्थान की छलांग काफी मायने रखती है, यह एक गर्व करने योग्य उपलब्धि है। भारत को इस वक्त और तेजी से नवाचार के प्रयोग करते हुए अपनी स्थिति और स्थान में बढ़ोतरी करनी चाहिए। इसके लिये एक राष्ट्रीय इनोवेशन पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है, जो वित्त-पोषण के चक्र की शुरूआत करे, जिसके जरिए- अकादमिक क्षेत्र से नए विचार पैदा हों, विशेष रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित, जो कि सरकार द्वारा प्रायोजित हों और सरकारी मदद से उन्हें प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट के स्तर तक विकसित किया जाए, जिसके बाद उद्यम निधि यानी वेंचर फंडिंग द्वारा उन्हें व्यापार के जरिए बाजार तक ले जाया जा सके। प्राथमिक और माध्यमिक दोनों रूपों में बाजार तक पहुँचने की आसानी, और अधिक लचीलेपन के साथ पूंजी जुटाने में सक्षम होने से ही इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा और उद्यमों को लेकर भारत में एक ऐसा क्रांतिकारी दौर आ पाएगा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में मूल्य वर्धित विकास को गति मिले। आज, भारत में उद्यमी ऊर्जा का एक बड़ा भंडार, उत्सर्जित होने की प्रतीक्षा में है।. विकास के आर्थिक मॉडल के रूप में, नए से नए विचारों और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के द्वारा, भारत अपने एक अरब से अधिक नागरिकों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए, इनोवेशन की ताकत का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार को नए स्टार्टअप्स और ऐसे व्यवसायों को सक्षम बनाने के लिए आगे आना चाहिए जो लोकल यानी स्थानीयता एवं स्वदेशी को महत्व देते हैं, लेकिन समृद्ध रूप से वैश्विक प्रभाव बनाने की क्षमता रखते हैं। छोटे और मझोले उद्यमों को बड़े स्तर पर औद्योगिक संचालन के लिए प्रोत्साहित करने से, भारत नए से नए विचारों को वैश्विक बाजारों तक ले जाने में समर्थ होगा। ऐसा करने से हम वैश्विक मूल्य श्रृंखला- ग्लोबल वेल्यू चैन में हिस्सेदारी को बढ़ा पाएंगे और मेक इन इंडिया व इनोवेट इन इंडिया की अवधारणाओं को मिलाकर, एक आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में अग्रसर हो पाएंगे, इसी से भारत सक्षम एवं विकसित भारत बन सकेगा, यही नया भारत होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरन्तर स्वदेशी एवं स्थानीयता के उत्पाद को प्रोत्साहन देते हुए विकसित भारत का सपना देखा है। यही कारण है कि इनोवेशन का निर्धारण करने वाली ग्लोबल इंडेक्स में भारत पिछले सात सालों में लगातार छलांगे लगा रहा है। इस वर्ष की छलांग के साथ महत्वपूर्ण यह भी है कि भारत ने ऊंचाई की ओर सतत सफर जारी रखा है, उसकी दिशा एवं दृष्टि स्पष्ट है। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और इसका परिचायक भी है कि देश सही दिशा में जा रहा है। विशेषकर स्टार्टअप के लिए बेहतर माहौल तैयार करने और नवाचार को बढ़ावा देने का काम उल्लेखनीय है। नि:संदेह देशवासियों के व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों के साथ केंद्र सरकार को भी इसका श्रेय है, जिसने स्टार्टअप के लिए आधारभूत संरचना को मजबूती देने के लिए बहुत कुछ किया है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की सूची ने भारत के इन प्रयासों को प्रमाणित किया है। साथ ही आगे भारत के लिए क्या गुंजाइश है, इस पर भी प्रकाश डाला है। इसमें अहम यह है कि देश के सिर्फ चार बड़े शहर बेंगलूरु, चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई ही इनोवेशन में बेहतर शहरों में अपना नाम दर्ज करा पाए हैं। भारत के अन्य शहर इस सूची में दूर-दूर तक नहीं हैं। देश में इनोवेशन का दिल, दिमाग और प्रतिभा रखने वाले केवल चार शहरों तक तो सीमित नहीं हो सकते। साफ समझा जा सकता है कि देश के अन्य इलाकों में रहने वाली लाखों-करोड़ों प्रतिभाओं को प्रोत्साहन में कहीं बड़ी कसर रह रही है, सरकार को निष्पक्षता से नव-प्रतिभाओं, नव-विचारों एवं क्षेत्रों को प्रोत्साहन देना चाहिए। इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए यह जरूरी है कि सबसे क्रांतिकारी और बुनियादी रूप से नए लगने वाले विचारों को भी वित्त-पोषित किया जाए और उन्हें बाजार तक पहुंचाने की इच्छाशक्ति विकसित की जाए।

पूंजी के बिना, सबसे परिवर्तनकारी विचार भी, पहली उड़ान भरने से पहले ही, धराशायी हो सकते हैं। जब तक हम फंडिंग-फाइनेंसिंग इकोसिस्टम बनाने में सक्षम नहीं हो जाते, तब तक भारत में इनोवेशन-तंत्र एक दूरगामी सपना बना रहेगा।

बैंक लुटेरे देश भगोड़े

डॉ. सुरेश कुमार

बैंक लुटेरे देश भगोड़े दुनिया के कोने-कोने में जाकर बस गए। एक दिन इन सारे भगोड़ों ने निर्णय किया कि हमें कहीं मिलना चाहिए। मिलकर बैंक लूटने और उसके बाद की स्थिति के बारे में चर्चा करनी चाहिए। सभी ने एक निश्चित तारीख और स्थान तय कर उस दिन पहुँच गए। वहाँ राजामछुआरा कुल्या, खीरा जिद्दी, जहर चुस्की, चलित खोदी, गंजू बालझड़रा, तुमिच कालिख, बख्शिश लूटपुत्र, फीतेश रिटेल, धन्नू खोयल, निर्जीव छेदी एक से बढ़कर एक बैंक लुटेरे इकट्ठा हुए थे। कड़ी दुपहरिया में रिसॉर्ट बाहर की गर्मी से ज्यादा इन लोगों की गर्मी से थरथरा रहा था। सब आपस में बैंक लूटने के अपने अनुभव छाती ठोककर बता रहे थे. खीरा जिद्दी ने कहा झ इतनी गर्मी में हम लोगों का इस रिसार्ट में आना अच्छा हुआ। दानवीर अपना हाल बताए या न बताए लेकिन लुटेरों, चोरों और भगोड़ों को जरूर बताना चाहिए। इससे छिपने, बहाने बनाने, दूसरों से पिंड छुड़ाने के नए-नए उपाय मिलते हैं।

चलित खोदी -अब आ ही गए हैं तो बीपीएल करवा दूँ? तुमिच कालिख ने पूछा झ यह बीपीएल क्या होता है? चलित खोदी अरे यारो! इतना भी नहीं समझते। बीपीएल का मतलब है भगोड़े प्रिमियर लीग। इतना सुनना था कि सभी ठहाके मारकर हँसने लगे। उधर दूसरी ओर राजामछुआरा कुल्या कैलेंडर बाटुकोण के हाथों सुरा पान करते हुए बीच में कूद पड़ा झ कुछ भी कहो भगोड़ो! हम ने जो भी किया है बड़ी बहादुरी का काम किया है। हम किसी रॉबिनहुड से कम नहीं है।

कैराना विधायक नाहिद को जेल में मिल रही यंत्रणायें: अनिल प्रधान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला कारागार में बन्द कैराना से विधायक नाहिद हसन से भेंट करने प्रतिनिधि मंडल जिला कारागार पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि लोकतांत्रिक ढंग से जनता से चुने विधायक को पिछले नौ महीने से मुजफ्फरनगर जेल में बन्द रखने के बाद 28 सितम्बर को चित्रकूट जेल भेजा गया है।

सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में शामिल बबेरु विधायक विशम्भर यादव, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, कर्वी सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव जिला कारागार पहुंचे। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि विधायक नाहिद हसन पर सिर्फ दो मुकदमे हैं। जिनमें एक गैंगेस्टर का है। जिसमें 40 लोग नामजद हैं। 38 को न्यायालय ने जमानत दे दी है। इस मामले में विधायक नाहिद हसन व उनकी मां पूर्व सांसद तबस्सुम हसन को जमानत नहीं मिली। दूसरा मुकदमा 406 का है। जो सुप्रीम कोर्ट में लम्बित है। जिला कारागार में विधायक को परेशान किया जा रहा है। परिजनों से फोन पर बात नहीं कराई जा रही। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें भोजन भी नहीं दिया जा रहा। विधायक नाहिद हसन तीन बार के विधायक व आयकर दाता हैं। उन्हें सुपिरियर क्लास की बैरक भी नहीं दी गई। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि विधायक ने बताया है कि जेल में उन्हें शारीरिक व मानसिक यातनायें दी जा रही हैं। बैरक के बाहर नहीं जाने दिया जा रहा। बैरक के अन्दर किसी से बात नहीं करने दी जा रही। सदर विधायक अनिल प्रधान ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार संविधान से प्रदत्त मौलिक अधिकार और जनप्रतिनिधि के अधिकार का हनन कर रही है। जनता से चुने जनप्रतिनिधि नाहिद हसन को चुनाव जीते छह माह से ज्यादा हो गये हैं। अभी तक विधायक को शपथ तक नहीं दिलाई गई। जो संविधान के मूल्यों के खिलाफ है। बबेरु विधायक विशम्भर यादव ने कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र में व्यक्तिगत बैर का कोई स्थान नहीं होता। भाजपा को लोकतंत्र और संविधान पर भरोसा नहीं है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा के पास कमलछाप साबुन है। बडे से बडे अपराधी के भाजपा में जाने के बाद सभी अपराध धुल जाते हैं।

शहर में निकली स्वच्छता संदेश गांधी यात्रा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री जयंती पर भव्य स्वच्छता संदेश शपथ कार्यक्रम व्यापारी व भाजपा नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में विशाला गांधी यात्रा निकाली गई।

रविवार को विशाला गांधी यात्रा का शुभारम्भ कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास महाराज व अधिवक्ता अशोक गुप्ता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे और समाजसेवी/राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की अगुवाई में स्वच्छता संदेश गांधी यात्रा शहर में विभिन्न स्थानों से होते हुए निकाली गई। नगरवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता गांधी यात्रा हाथी, घोडा, बैंडबाजा के साथ पुरानी कोतवाली से ट्राफिक चैराहा होते हुए शम्भू पेट्रोल पम्प के पास अधिवक्ता अशोक गुप्ता के निवास पर समाप्त हुई।

समापन पर समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी के आजादी का सपना राजनैतिक आजादी नहीं था, बल्कि स्वच्छ-सुन्दर विकसित भारत की कल्पना थी। सर्वस्वच्छता का संकल्प लेकर दुनिया में भारत को सर्वश्रेष्ठ बनायें। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनायें। इस मौके पर खासतौर पर वरिष्ठ डॉ सीताराम गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, प्रदेश संगठन मंत्री विनोद केशरवानी, सुनील हड्डू गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, शकुन्तला गुप्ता, शेषू जायसवाल, हीरामनि जायसवाल समेत सैकडों की तादाद में व्यापारीगण व व्यापारी नेता मौजूद रहे।

किसानों को नहीं, टेनी को बचा रही सरकार: भाकियू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाते हुए देश के प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को सौंपा।

सोमवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि तिकुनियां लखीमपुर खीरी में किसानों पर केंद्रीय मंत्री के बेटे ने गाड़ी चढ़ाकर जान से मार दिया था। एक साल पूरे होने के बाद भी केंद्रीय मंत्री अजय टेनी को अब तक देश की सरकार मंत्री बनाये बैठी है। देश की सरकार ने किसानों के हत्यारे मंत्री को अब तक बर्खास्त नहीं किया। सरकार किसानों को नहीं अपने मंत्री को बचाने का काम कर रही है।

जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि दूध की धुली सरकार अब तक किसानों को न्याय नही दे पाई। बेकसूर किसानों पर मामला दर्जकर जेल भेज दिया, जबकि प्रदेश सरकार के डीजीपी ने भरोसा दिया था कि किसानों के मुकदमे वापस लिए जाएंगे। धोखेबाज सरकार ने अपना वायदा पूरा नहीं किया। किसानों के साथ धोखा करते हुए मंत्री व उसके बेटे को बचाने का काम कर रही है। पूरे भारत मे किसानों ने काली पट्टी बांध कर धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। मंडल सचिव उदयनारायण सिंह ने कहा कि सरकार के कोई काम धरातल पर नहीं हो रहे।

इस मौके पर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, तहसील संरक्षक विजय त्रिपाठी, रामेश्वर सिंह, रमेशचंद्र पाठक, देवप्रताप फौजी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत तमाम किसान मौजूद रहे।

फसलों के वाजिब दाम दो, अजय मिश्र को बर्खास्त करो: भाकपा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। संयुक्त किसान मोर्चा के समर्थन में भाकपा के प्रान्तीय आवाहन पर का अमित यादव एड की अगुवाई में कार्यकताओं ने अपने-अपने गांवों में केन्द्र सरकार की शव यात्रा निकालकर केन्द्र सरकार मुदार्बाद की नारेबाजी कर कहा कि किसानों की फसलों का वाजिब दाम दो, मंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करो, वायदा खिलाफ बन्द करो करते हुए केन्द्र सरकार का पुतला जलाया।

सोमवार को भाकपा जिला सचिव का अमित यादव की अगुवाई में किसानों ने बढती महंगाई व बेरोजगारी से परेशान फसलों की आय से बच्चों को पढाने, बीमारी का इलाज कराने, बेटी-बेटा की शादी करने में अक्षम हो गया है। इसकी चिन्ता सरकार को नहीं है। सरकार किसानों की भूमि को उद्योगपतियों को सौंपकर उसी भूमि पर किसानों को मजदूरी कराने की साजिश कर रही है।

उन्होंने सरकार की इस साजिश को सफल न होने देने की बात कहते हुए सरकार का पुतला जलाया। पुतला जलाने में गढचपा, इटखरी, भंभौर, महुटा, रुपौली, भुंइहरीमाफी, पिलखिनी, तरांव, गढीघाट के सैकडों लोग शामिल रहे।

माहवारी को पाप न समझो, घर की लक्ष्मी को श्राप न समझो

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। ममत्व फाउंडेशन के निदेशक लवकुश सिंह व क्षेत्रीय प्रबंधक आरके सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर माहवारी जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान के तहत माहवारी को पाप न समझो, घर की लक्ष्मी को श्राप न समझो कार्यक्रम आयोजित किया।

सोमवार को खण्डेहा विकास समिति के अध्यक्ष इं कंचन सिंह की अध्यक्षता में मेरा स्वाभिमान मेरा पहचान के तहत खण्डेहा गांव में माहवारी जागरूकता मिशन कार्यक्रम का संचालन कर रहे हीरालाल वर्मा ने बताया कि गांव की महिलाओं को माहवारी के बारे में जागरूक कर जानकारी दी गई। वर्मा ने बताया कि खासतौर पर इं कंचन सिंह, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती, समाजसेवी गुडिया देवी, एएनएम कविता पटेल, आशा मालती देवी, प्रीती देवी, आंगनबाडी कार्यकत्री अंजू देवी, अजय वर्मा, प्रीती चैबे, नीलम गुप्ता, मोहित भाई, संजय सिंह, लवलेश विश्वकर्मा, हसमत अली, नीतू शर्मा, पिंटू मौर्य व गांव की सैकडों महिलाओं की मौजूदगी में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती व एएनएम कविता पटेल ने मौजूद लोगों को बताया कि खुद को कैसे सुरक्षित रखें। अपने बच्चों को सफाई के बारे में जागरूक किया। ममत्व फाउंडेशन पूरे प्रदेश में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

दो दम्पतियों के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर महिला चैकी प्रभारी मऊ श्रीमती रामकुमारी की टीम ने पति-पत्नी के आपसी विवाद को समाप्त कराकर दो दम्पतियों में सुलह कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

सोमवार को मऊ थाने के कटैयाखादर गांव की पूजा रैदास पुत्री छोटकू रैदास ने थाने में दी तहरीर में कहा कि पति हरिश्चन्द्र निवासी भदौरा तहसील राजापुर शराब पीकर मारपीट कर घर से भगा दिया है। मऊ थाने के अहिरी गांव की श्रीमती जानकी ने अपने पति रामबाबू के खिलाफ मारपीट व विवाद करने की तहरीर दी। दोनों तहरीरों पर महिला चैकी प्रभारी श्रीमती रामकुमारी की टीम ने शिकायतकर्ता महिलाओं की समस्याओं को विस्तार से सुन व समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस चैकी मऊ बुलाया।

दो दम्पतियों के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर महिला चैकी प्रभारी मऊ श्रीमती रामकुमारी की टीम ने पति-पत्नी के आपसी विवाद को समाप्त कराकर दो दम्पतियों में सुलह कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

सोमवार को मऊ थाने के कटैयाखादर गांव की पूजा रैदास पुत्री छोटकू रैदास ने थाने में दी तहरीर में कहा कि पति हरिश्चन्द्र निवासी भदौरा तहसील राजापुर शराब पीकर मारपीट कर घर से भगा दिया है। मऊ थाने के अहिरी गांव की श्रीमती जानकी ने अपने पति रामबाबू के खिलाफ मारपीट व विवाद करने की तहरीर दी। दोनों तहरीरों पर महिला चैकी प्रभारी श्रीमती रामकुमारी की टीम ने शिकायतकर्ता महिलाओं की समस्याओं को विस्तार से सुन व समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस चैकी मऊ बुलाया।

दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर भविष्य में विवाद न करने व पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह कर पुलिस टीम ने दोनों दम्पतियों में तालमेल बैठाकर पारिवारिक दायित्वों को सही ढंग से निर्वहन की सलाह दी।

टी20 वर्ल्ड कप 2022 : कनेरिया बोले- यह खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में भुवनेश्वर से बेहतर विकल्प

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में गेंदबाजी के मामले में दीपक चाहर सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार से कहीं बेहतर विकल्प हैं। उसी पर और स्पष्टीकरण देते हुए कनेरिया ने कहा कि यदि नीचे की स्थिति स्विंग की सहायता नहीं करती है तो भुवनेश्वर पूरे पार्क में स्कोर खाएगा।

कनेरिया ने कहा, 'एक बात साफ है कि अगर स्विंग नहीं हुई तो भुवनेश्वर कुमार को सजा मिलेगी। उनसे डेथ ओवरों में स्कोर खाए हैं और ऑस्ट्रेलिया में कठिन ट्रैक होंगे। दीपक चाहर भुवनेश्वर से कहीं बेहतर विकल्प हैं और जरूरत पड़ने पर वह बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।' मोहम्मद सिराज को दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए बुलाया गया है। यह खिलाड़ी अच्छा करेगा क्योंकि वह ऊर्जावान है और

हमेशा अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। सिराज के पास एक तेज गेंदबाज की बॉडी लैंग्वेज है और वह भी जानता है कि उसे दोनों हाथों से मौके का फायदा उठाने की जरूरत है।

चाहर को मोहम्मद शमी के साथ टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारत के स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। यदि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं तो उन दोनों में से किसी एक को चुना जा सकता है।

हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिये 33 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

बेंगलुरू। हॉकी इंडिया ने 28 अक्टूबर से शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग सत्र के शुरूआती मैचों के लिये 33 सदस्यीय पुरूष कोर संभावित खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की, जिसमें कप्तान मनप्रीत सिंह और अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश शामिल हैं। भुवनेश्वर में कलिंग स्टेडियम में न्यूजीलैंड (28 अक्टूबर और चार नवंबर) और स्पेन (30 अक्टूबर और छह नवंबर) के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिये खिलाड़ी बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र पहुंचेंगे।

मुख्य कोच ग्राहम रीड ने शिविर के बारे में कहा, 'भुवनेश्वर-राउरकेला में एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरूष विश्व कप 2023 से पहले हमें किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है, इसके बारे में हमें एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में खेलने के बाद पता चलेगा।'

संभावित खिलाड़ी:

गोलकीपर : पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक,

पवन डिफेंडर :जर्मनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, नीलाम संजीप जेस, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मंदीप मोर, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की, संजय, मंजीत, सुमित मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइंगथेम रविचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, पवन राजभर फॉरवर्ड : आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मनिंदर सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, एस कार्ति, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए भारतीय टीम घोषित, धवन कप्तान और अय्यर होंगे उपकप्तान

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान शिखर धवन को सौंपी गई है, जबकि श्रेयस अय्यर उपकप्तान हैं। साथ ही टीम में मुकेश कुमार और रजत पाटीदार नए चेहरे के रूप में शामिल किए गए हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 6 अक्टूबर को लखनऊ, 9 को रांची और 11 अक्टूबर को नई दिल्ली में मैच खेले जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए भारतीय टीम- शिखर धवन (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन(विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

36वें राष्ट्रीय खेल: तीसरे दिन मप्र के खिलाड़ियों ने जीते एक स्वर्ण सहित आठ पदक

भोपाल। गुजरात में गत 29 सितंबर से शुरू हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों के तीसरे दिन मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने आठ पदक अपने नाम किए। इनमें एक स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। मप्र की जल परी खुशप्रीत कौर ने राज्य को स्वर्ण पदक दिलाया। गुजरात के अहमदाबाद में राष्ट्रीय खेलों के तहत साबरमती वेन्यू-1 में आयोजित रोइंग के 2 किलोमीटर महिला सिंगल स्कल ओपन वर्ग में मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ एक्सलेंस की खुशप्रीत कौर ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

रोइंग के डब्ल्यू-2 पेयर इवेंट में अकादमी की ही अंजलि शिवहरे और दिलजीत कौर ने कांस्य पदक और डब्ल्यू-2 महिला डबल स्कल इवेंट में पूनम और गुरवाणी ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा अकादमी के भानू प्रताप और मनमोहन की जोड़ी ने पुरुषों के एम-2 कोक्सलेस पैयर इवेंट में कांस्य पदक जीता। वहीं, राष्ट्रीय खेलों में अहमदाबाद में चल रहे शूटिंग प्रतिस्पर्धा में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी ऑफ एक्सलेंस के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर 3 पोजीशन इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया। अकादमी के ही अर्जुन ठाकुर ने शूटिंग के पुरुष वर्ग स्कीट इवेंट में कांस्य और शिवानी रैकवार में महिला स्कीट शूटिंग इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया। इसी तरह गांधीनगर में चल रहे कुश्ती प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश कुश्ती अकादमी ऑफ एक्सलेंस की प्रियांशी प्रजापति ने 53 किलोवर्ग कैटेगरी में मध्यप्रदेश के लिए रजत पदक अर्जित किया।

36वें राष्ट्रीय खेलों में गत 30 सितंबर से शुरू हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अब तक 3 स्वर्ण, 3 रजत और 10 कांस्य पदक के साथ कुल 16 पदक अपने नाम किए हैं।

रोइंग के डब्ल्यू-2 पेयर इवेंट में अकादमी की ही अंजलि शिवहरे और दिलजीत कौर ने कांस्य पदक और डब्ल्यू-2 महिला डबल स्कल इवेंट में पूनम और गुरवाणी ने कांस्य पदक हासिल किया।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ ऑडियो लीक मामले में होगी कार्रवाई, शहबाज सरकार ने दी मंजूरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ ऑडियो लीक मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने मंजूरी दे दी। हाल ही में लीक हुए ऑडियो में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के तीन नेताओं को पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान के साथ अमेरिकी साइबर के बारे में बात करते हुए सुना जा सकता है।

लीक हुए इस ऑडियो में खान अपनी सरकार को गिराने की कथित साजिश के बारे में भी बात कर रहे थे। इस ऑडियो लीक का संज्ञान लेते हुए शहबाज कैबिनेट ने 30 सितंबर को एक समिति का गठन किया था। समिति ने इस ऑडियो लीक को लेकर कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की। रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट समिति ने सिफारिश की है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है, जिसका राष्ट्रीय हितों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। इस संबंध में कानूनी कार्रवाई महत्वपूर्ण है। संघीय जांच एजेंसी को अमेरिकी साइबर और ऑडियो लीक की जांच का काम सौंपा जाएगा। इस बीच, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की नेता मरियम नवाज शरीफ ने शनिवार को इतने सारे आरोप होने के बावजूद इमरान खान को गिरफ्तार नहीं करने पर अपनी पार्टी की शहबाज सरकार को घेरा। वहीं, वित्त मंत्री इसहाक डार ने कहा कि खान सत्ता के भूखे हैं और 'किसी भी कीमत पर' देश पर शासन करना चाहते हैं।

इराक में तुर्की के हवाई हमले में 23 कुर्द आतंकवादी मारे गए

इस्तांबुल। इराक में तुर्की के हवाई हमले में 23 कुर्द आतंकवादी मारे गए। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार द्वारा नियंत्रित उत्तरी इराक के असोस क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई में हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

मंत्रालय के ट्वीट के साथ एक वीडियो में एफ-16 लड़ाकू विमानों को उड़ान भरते और एक पर्वतीय इलाके में कई विस्फोट करते हुए दिखाया गया है। उसने गुरुवार को रक्षा मंत्री हुलुसी अकार के एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि असोस क्षेत्र में हवाई हमलों ने 16 ठिकानों को निशाना बनाया। तुर्की 2019 से उत्तरी इराक में कई अभियान चला रहा है। उसका कहना है कि सेना कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके को निशाना बना रही है, ताकि उसे तुर्की पर सीमा पार से हमले शुरू करने से रोका जा सके।

समूह को तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि एक मिसाइल हमले में तुर्की के एक पुलिस अधिकारी के मारे जाने के जवाब में उत्तरी सीरिया में सात आतंकवादियों को मार गिराया था।

दोनबास में जीत की ओर यूक्रेन, यक्रेनी वायुसेना ने 24 घंटे में किए 29 हमले

दोनेस्क प्रांत। यूक्रेन के पूर्वी इलाके में दोनेस्क प्रांत के लायमन को रूसी कब्जे से मुक्त कराए जाने से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की उत्साहित हैं। लायमन को दोनबास (पूर्व) में सबसे अहम रणनीतिक मोर्चा बताते हुए जेलेंस्की ने कहा, यहां से रूसी सैनिकों का भागना बताता है कि पूरे दोनबास पर रूसी सेना की पकड़ कमजोर हो चली है। यहां यूक्रेन जीत की ओर है।

हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेंकोव का कहना है कि रूसी सेना रणनीति के तहत लायमन से हटी है। यहां तैनात सैनिकों को दूसरे मोर्चों पर भेजा गया है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खास दोस्तों में शामिल चेचेन कमांडर रमजान कादिरोव ने पुतिन को बिना देर किए हल्के परमाणु हथियार के इस्तेमाल की सलाह दी है। बहरहाल, लायमन से रूसी सेना का हटना इस वजह से ज्यादा अपमानजनक है, क्योंकि यह उस दोनेस्क प्रांत का हिस्सा है, जिसका रूस में विलय हो चुका है। रूसी लोग इसे रूस की जमीन पर यूक्रेनी कब्जे के तौर पर देख रहे हैं और वहां से सेना के पीछे हटने को लेकर सेना की दलीलों से खुश नहीं हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन लॉयड ने यूक्रेनी सेना की तारीफ की। कहा, लायमन पर कब्जे से यूक्रेन को पूर्वी मोर्चे पर बढ़ी बढ़त बनाने में मदद मिलेगी, क्योंकि यहां से अब यूक्रेन को रक्षात्मक बने रहने की जरूरत नहीं होगी और खुलकर रूसी ठिकानों को निशाना बनाया जा सकेगा।

यूक्रेनी वायुसेना ने 24 घंटे में किए 29 हमले

यूक्रेनी सेना ने रविवार सुबह बताया कि उसके फाइटर जेटों ने बीते 24 घंटे में 29 हमले किए हैं। इन हमलों में रूसी सेना के हथियार भंडार, एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम और कमांड पोस्ट तबाह किए हैं। इसके साथ ही यूक्रेन ने दावा किया कि रूस की तरफ से चार मिसाइल हमले व 16 हवाई हमले किए गए। वहीं, रूस ने बताया कि रविवार को खारकीव में रूसी सेना ने यूक्रेन के सात आयुध भंडारों को तबाह किया, जिनमें मिसाइल और तोपों को रखा गया था।

पोप की गुहार, हिंसा रोकें पुतिन

पोप फ्रांसिस ने पुतिन से गुहार लगाई कि वे यूक्रेन में जारी हिंसा को रोकें। पुतिन की तरफ से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी के संदर्भ में पोप ने कहा कि यूक्रेन को शांति के प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

इटली की गैस आपूर्ति रोकी

यूक्रेनी इलाकों के रूस में विलय पर इटली की तीखी प्रतिक्रिया से खफा रूस ने इटली की गैस आपूर्ति रोक दी है। इसके अलावा रूस के विदेश मंत्रालय ने रूस में इटली के राजदूत सेर्गे राजोव को भी तलब किया है।

गैस आपूर्ति को रोकने के पीछे रूसी कंपनी गैजप्रॉम का दावा है कि ऑस्ट्रिया में हुए प्रशासनिक फेरबदल की वजह से यह हुआ है।

रसद के लिहाज से अहम

लायमन को रूसी सेना ने मई में कब्जे में लिया था। पूर्वी मोर्चे पर पूरे दोनबास में रसद के लिहाज से यह रणनीतिक तौर पर बेहद अहम जगह है। विशेषज्ञों के मुताबिक रूसी सेना का लायमन से हटना रणनीतिक तौर पर रूस की बड़ी हार है।

अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिक विवेक लाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

वॉशिंगटन । भारतीय मूल के नागरिक जनरल एटामिक्स के सीईओ विवेक लाल को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय के आधिकारिक बयान के अनुसार, लाल को उनके बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है।



डॉ. लाल ने कान्सास में विचिटा स्टेट यूनिवर्सिटी से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में पीएचडी की है। वे बिजनेस लीडर और वैज्ञानिक समुदाय टाइटन जनरल एटॉमिक्स में मुख्य कार्यकारी के रूप में काम करते हैं। कंपनी परमाणु प्रौद्योगिकी के विशिष्ट क्षेत्रों की वैश्विक कंपनी है और गार्जियन ड्रोन जैसे अत्याधुनिक मानव रहित हवाई वाहन विकसित कर चुकी है। विवेक लाल एक भारतीय राजनयिक के बेटे हैं। पिछले साल वॉशिंगटन यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। डॉ. लाल को वर्ष 2018 में फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन में शामिल करते हुए परिवहन विभाग के प्रमुख अमेरिकी कैबिनेट सचिव के लिए महत्वपूर्ण सलाहकार भूमिका में नियुक्त किया गया था।

अधिकारियों का दावा- भगवद गीता पार्क में कोई तोड़फोड़ नहीं हुई, मरम्मत का काम चल रहा था

ब्रैम्पटन । कनाडा के अधिकारियों ने ब्रैम्पटन शहर में हाल ही में अनावरण किए गए 'श्री भगवद गीता' नामक पार्क में किसी भी तोड़फोड़ से इनकार किया है। अधिकारियों ने कहा कि लोगों के समझने में भूल हुई जिससे तोड़फोड़ की अफवाह फैली। अधिकारियों ने कहा कि लोगों ने जल्दबाजी में सूचना फैलाई। हालांकि जांच के बाद सच्चाई सामने आ गई है। क्षेत्रीय पुलिस ने भी कहा कि पार्क में किसी भी तरह के तोड़फोड़ का कोई सबूत नहीं था।

साइनबोर्ड तोड़ने की बात अफवाह

अधिकारियों ने कहा कि श्री भगवत गीता पार्क में स्थाई साइनबोर्ड अभी तैयार ही नहीं हुआ है। पार्क में किसी तरह की तोड़फोड़ का कोई निशान नहीं मिला है। जांच हमें पता चला कि रिपोर्ट किए गए रिक्त चिन्ह को बिल्डर द्वारा प्लेसहोल्डर के रूप में तब तक स्थापित किया गया था जब तक कि स्थाई साइनबोर्ड तैयार नहीं हो जाता।

तोड़फोड़ की सूचना के बाद भारतीय उच्चायोग ने मामले पर चिंता व्यक्त की थी

तोड़फोड़ की सूचना के बाद कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने मामले पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा था कि हम ब्रैम्पटन में श्री भगवद गीता पार्क में घृणा अपराध की निंदा करते हैं और कनाडा के अधिकारियों और पुलिस से जांच करने और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

एयर इंडिया ने घरेलू यात्रियों के लिए पेश किया खाने का नया 'मेन्यू'

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन नवरात्रि के बीच एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों में यात्रियों के खाने-पीने के लिए नया ह्यमेन्यूह्न पेश किया है। कंपनी ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। टाटा समूह की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए यह मेन्यू एक अक्टूबर से पेश किया है।

पुतिन के कदमों से तेल और गैस बाजार और प्रभावित हो सकता है

मास्को। यूक्रेन की सेना का खारकीव में मुकाबला करने के लिए 300,000 आरक्षित बलों को तैनात करने के रूस के प्रयास ने सैन्य एवं राजनीतिक विश्लेषकों का ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि इसमें एक संभावित ऊर्जा कोण भी है। रूस और यूरोप के बीच ऊर्जा संघर्ष बढ़ रहा है और सर्दियों के करीब आने के साथ ही इसके और बढ़ने की आशंका है। कोई यह मान सकता है कि ऊर्जा कार्यकर्ता, जो ईंधन और निर्यात राजस्व प्रदान करते हैं, जिसकी रूस को सख्त जरूरत है, युद्ध के प्रयास के लिए बहुत मूल्यवान हैं।

अब तक, बैंकिंग और सूचना प्रौद्योगिकी कर्मचारियों को अपनी नौकरी में बने रहने के लिए आधिकारिक अनुमति मिली है। तेल और गैस श्रमिकों के लिए स्थिति स्पष्ट नहीं है। रूसी मीडिया में इसको लेकर अटकलें चल रही हैं कि क्या इस क्षेत्र के लोगों को युद्ध के वास्ते तैनाती के लिए लक्षित किया जाएगा या नहीं। किसी भी तरह से, मुझे आशंका है

कि युद्ध के अगले चरण तक रूस का तेल और गैस संचालन क्षेत्र अस्थिर होगा। सितंबर 2022 में हुए विस्फोटों से रूस से यूरोप तक नॉर्ड स्ट्रीम एक और दो गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी और इसमें तोड़फोड़ की आशंका है। यह घटना इस जटिल और अस्थिर क्षेत्र में नवीनतम घटना हैं। वैश्विक ऊर्जा नीति के एक विश्लेषक के रूप में, मुझे उम्मीद है कि ऊर्जा आपूर्ति में और व्यवधान हो सकते हैं। इसमें क्रेमलिन द्वारा यूरोपीय सरकारों पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए सीधे आदेश के जरिये या नये तोड़फोड़ के परिणामस्वरूप, या विशेष उपकरणों और प्रशिक्षित रूसी जनशक्ति की कमी की वजह से दुर्घटनाएं या व्यवधान हो सकता है। रूस ने उन यूरोपीय देशों पर दबाव बनाने के प्रयास में यूरोप में प्राकृतिक गैस की खेप को काफी कम कर दिया है, जो यूक्रेन का पक्ष ले रहे हैं।

मई 2022 में, सरकार के स्वामित्व वाली ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम ने एक प्रमुख पाइपलाइन को बंद कर दिया, जो बेलारूस और पोलैंड से होकर गुजरती है। जून में, कंपनी ने नॉर्ड स्ट्रीम एक पाइपलाइन के माध्यम से जर्मनी को आपूर्ति कम कर दी। इसकी क्षमता 17 करोड़ घनमीटर प्रति दिन थी, जिसे घटाकर मात्र चार करोड़ घनमीटर प्रति दिन कर दिया गया। कुछ महीने बाद, गैजप्रोम ने घोषणा की कि नॉर्ड स्ट्रीम एक को मरम्मत की आवश्यकता है और इसे पूरी तरह से बंद कर दिया।

अब अमेरिका और यूरोपीय नेताओं का आरोप है कि रूस ने यूरोपीय ऊर्जा आपूर्ति को और बाधित करने के लिए जानबूझकर पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया है। पाइपलाइन विस्फोट ऐसे समय हुआ, जब नॉर्वे से पोलैंड तक एक प्रमुख नयी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की शुरुआत की गई। रूस के पास बहुत सीमित वैकल्पिक निर्यात अवसंरचना है, जो साइबेरियाई प्राकृतिक गैस को चीन जैसे अन्य ग्राहकों को स्थानांतरित कर सकती है, इसलिए अधिकांश गैस जो आमतौर पर यूरोप को बेची जाती है, उसे अन्य बाजारों में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। रूस के आरक्षित बलों की तैनाती के आदेश में तेल कंपनियों के कर्मचारी भी शामिल हैं। इससे कुछ अनुभवी विश्लेषकों ने यह सवाल करना शुरू कर दिया है कि क्या आपूर्ति में व्यवधान तेल में फैल सकता है, दुर्घटनावश या किसी उद्देश्य से।

नाटो के नौ सदस्य देशों ने यूक्रेन को बढ़-चढ़कर सैन्य मदद देने की अपील की

वाशिंगटन। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के नौ यूरोपीय सदस्य देशों ने संयुक्त बयान जारी कर यूक्रेन को सदस्यता देने का समर्थन किया। उन्होंने सभी 30 सदस्य देशों से बढ़-चढ़कर यूक्रेन की सैन्य मदद करने की भी अपील की। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने देश को तत्काल नाटो की सदस्यता देने का अनुरोध किया था। उन्होंने यूक्रेन के चार क्षेत्रों को रूस में मिलाए जाने के बाद यह मांग की। नाटो की सदस्यता के लिए सभी 30 देशों की मंजूरी मिलनी आवश्यक है और यूक्रेन

को जल्द ही संगठन की सदस्यता मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य और पूर्वी यूरोप के नौ देशों को डर है कि यूक्रेन के बाद रूस उन्हें अपना निशाना बना सकता है। उन्होंने यूक्रेन के क्षेत्रों को रूस में मिलाए जाने का जवाब देने का अनुरोध किया है। चेक गणराज्य, एस्टोनिया, लातविया, उत्तरी मकदूनिया, मॉन्टेनीग्रो, पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया के नेताओं ने अपनी-अपनी वेबसाइट पर एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है, 'हम रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन के बचाव में उसका समर्थन करते हैं। मांग करते हैं (कि रूस) सभी कब्जे वाले क्षेत्रों से तुरंत वापस करे। सभी सदस्य देश बढ़-चढ़कर यूक्रेन की सैन्य मदद करें।'बयान में कहा गया है कि नेता 'भविष्य में यूक्रेन को सदस्यता देने से संबंधित 2008 के बुखारेस्ट नाटो शिखर सम्मेलन के फैसले का पुरजोर समर्थन करते हैं।

कमला हैरिस से मिलीं प्रियंका चोपड़ा, महिला अधिकारों पर की चर्चा

वाशिंगटन। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मुलाकात कर महिलाओं के मुद्दों पर बातचीत की। प्रियंका ने डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी वुमन लीडरशिप फोरम कांफ्रेंस में हिस्सा लिया था और उसी दौरान उनकी मुलाकात हैरिस से हुई थी। चोपड़ा ने सम्मेलन की तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम

अकाउंट पर साझा किया है और हैरिस के साथ चर्चा की विस्तृत जानकारी दी है। अभिनेत्री ने लिखा कि बहुत पहले से ही दुनिया ने महिलाओं की ताकत को कमतर कर आंका। हमें नकारा गया और चुप कराया गया लेकिन निस्वार्थ भाव से काम करने वाली महिलाओं के त्याग और दृढ़ता को शुक्रिया। आज हम उस स्थान पर हैं जहां पर हम एकसाथ संयुक्त रूप से गलतियों को सुधार सकते हैं। उन्होंने कहा, यह चर्चा का अहम मुद्दा था, जिसपर कल रात वाशिंगटन में वुमन लीडरशिप फोरम कांफ्रेंस के मंच पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से बातचीत करने का मौका मिला। चोपड़ा ने कहा कि गत दो साल में मानवता ने कुछ बड़ी चुनौतियों का सामना किया है। उन्होंने कहा कि हम त्वरित स्थिरता और प्रगति की जरूरत महसूस कर रहे हैं, अमेरिका के लिए यह आठ नवंबर को चुनाव के साथ शुरू हुआ। प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका है। चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने और मताधिकार का इस्तेमाल करने की खासतौर पर महिलाओं के लिए क्योंकि हमें सक्रियता से भागीदारी करनी होगी, ताकि हमारे अधिकारों का ख्याल रखा जाए। अभिनेत्री ने कहा कि वह अमेरिका में मतदान करने की अर्हता नहीं रखती हैं, लेकिन उनके पति निक जोनास अमेरिकी चुनाव में मतदान करते हैं और उनकी बेटी मालती मैरी जोनास भी मतदान करेगी। इससे पहले, अपने संबोधन में चोपड़ा ने कहा था कि भारत में महिलाएं शीर्ष निर्वाचित पद पर आसीन होने में सफल हुई हैं, लेकिन अमेरिका में यह स्थिति नहीं है।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने की मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह से मुलाकात

मालदीव। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात की तथा हिंद महासागर में इस स्थित इस देश में जारी विकास परियोजनाओं की प्रगति समेत द्विपक्षीय संबंधों पर गहन चर्चा की। मालदीव की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आये क्वात्रा ने मालदीव के अपने समकक्ष अहमद लतीफ के साथ भी बातचीत की और इस दौरान दोनों ने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, '' विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने राष्ट्रपति सोलिह से भेंट की तथा विकास परियोजनाओं की प्रगति समेत भारत-मालदीव संबंधों पर गहन चर्चा की।''

उन्होंने बताया कि विदेश सचिव ने राष्ट्रपति सोलिह को भारत-मालदीव साझेदारी के विकास के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति सोलिह ने

विदेश सचिव का स्वागत किया और कहा कि मालदीव की यह उनकी पहली यात्रा है। राष्ट्रपति ने राजनयिक सेवा में उनके लंबे करियर की तारीफ की। बयान के अनुसार मुलाकात के दौरान विदेश सचिव ने कहा कि कोविड-19 महामारी के खिलाफ मालदीव की कार्रवाई शानदार रही और वह अपनी अर्थव्यवस्था को महामारी से पहले वाली स्थिति में ले आया।

उन्होंने कहा कि मालदीव सबसे अहम क्षेत्रीय साझेदारों में एक है तथा भारत मालदीव में विभिन्न विकास परियोजनाओं में सहयोग करता रहेगा। बयान के मुताबिक राष्ट्रपति सोलिह ने कहा कि भारत ने सदैव खुद को मालदीव का घनिष्ठ दोस्त साबित किया है और उन्होंने मालदीव के प्रति भारत के निरंतर सहयोग के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

लतीफ के साथ विदेश सचिव क्वात्रा की मुलाकात के बारे में बागची ने कहा, ''दोनों पक्षों ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों में तीव्र वृद्धि का सकारात्मक मूल्यांकन किया तथा उसे और तेज करने के तौर तरीके पर चर्चा की।''

उनके अनुसार दोनों अधिकारियों के सामने 10 करोड़ डॉलर के ऋण सहायता समझौते के दस्तावेज को साझा किया गया। राष्ट्रपति सोलिह जब इस साल अगस्त की शुरुआत में भारत आये थे तब इसकी घोषणा की गयी थी।

यूक्रेन का लाइमैन के पूर्वी लॉजिस्टिक्स हब पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

कीव। रूस के हमलों से टूट चुके यूक्रेन ने बड़ा दावा किया है। यूक्रेन ने कहा है कि उसकी सेना ने लाइमैन के पूर्वी लॉजिस्टिक्स हब पर पूर्ण नियंत्रण पा लिया है।

रूस से जंग में कुछ हफ्तों से पिछड़ रहे यूक्रेन के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। इसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए बड़ा झटका भी माना जा रहा है। रूस के लिए यह क्षेत्र जमीनी संपर्क बनाने के लिए अहम केंद्र था।